हरिभूमि
रायपुर भूमि




# मतगणना स्थल से एक किमी पहले रोकी जाएंगी गाड़ियां, वहां से जाने 50 ई-रिक्शा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सेजबहार स्थित गवर्मेंट इंजीनियरिंग कालेज में लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को मतगणना होगी। मतगणना स्थल पर मतगणना कर्मियों के अलावा काउंटिंग एजेंट को गर्मी से राहत देने कई तरह के उपाय किए गए हैं। मतगणना शांतिपूर्ण हो, इसके लिए कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह सोमवार को मतगणना स्थल का जायजा लेने पहुंचे।

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव सात चरणों में होने के बाद अंतिम चरण के रूप में मतगणना होना बाकी है। मतों की गिनती में बड़ी संख्या में मतगणना कर्मियों के अलावा अभ्यर्थियों के काउंटिंग एजेंट पहुंचेंगे। ऐसी स्थिति में जहां मतों की गिनती होगी, वहां मतगणना कर्मियों के अलावा अभ्यर्थियों के काउंटिंग एजेंट को उमस के कारण बेचैनी हो सकती है, जिससे मतों की गिनती का कार्य प्रभावित हो सकता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए मतगणना हाल में जरूरत के मुताबिक एसी लगाए गए हैं। ▶▶ शेष पेज 11 पर

## मतगणा स्थल के बाहर मिस्टिंग मशीन

गौरतलब है कि मतगणना स्थल के बाहर भी सुरक्षा कर्मियों के अलावा मतगणना कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना स्थल के बाहर छांव के लिए टेंट तो लगाए गए हैं, मौसम के तेवर को देखते हुए टेंट से राहत नहीं मिलेगी। इसके अलावा वहां कूलर भी काम नहीं करेगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए मिस्टिंग फैन लगाए गए हैं। मिस्टिंग फैन में हवा के साथ पानी का फौवारा निकलेगा। इससे मतगणना स्थल के बाहर तैनात कर्मियों को गर्मी से राहत मिलेगी।



## इन समानों को मतगणना स्थल ले जा सकते हैं

मतगणना के दौरान मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता तथा मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना हॉल पर निम्नलिखित सामग्री साथ ले जाने की अनुमति है -

- कोरा कागज
- मतपत्र लेखा प्रारूप 17 सी भाग-1 की प्रति।
- रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किये ईवीएम, वीवीपेट की सूची जो विधानसभा के विभिन्न मतदान केंद्रों में प्रयोग में लायी गई है
- प्लास्टिक पेन, पेंसिल

## इन समानों को नहीं ले जा सकते

मतगणना हॉल के भीतर आठ प्रकार के सामग्री ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है, जिसकी सूची इस प्रकार से है-

- मोबाईल फोन
- आई पेड
- लैपटॉप
- स्मार्ट वॉच
- कैमरा
- किसी भी तरह के इलेक्ट्रानिक उपकरण
- बीड़ी, सिगरेट
- गुटखा

## पार्किंग से जाने ई-रिक्शा

मतगणना स्थल से एक किलोमीटर दूर चारपहिया के साथ दोपहिया वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था की गई है। गर्मी की वजह से पार्किंग स्थल ▶▶ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### खाना बनाने के विवाद में हत्या, आरोपी को उम्रकैद

**रायपुर।** उरला थाना क्षेत्र में तीन वर्ष पूर्व खाना बनाने के विवाद में अपने साथी की हत्या करने के आरोप में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश दिलेश कुमार यादव की कोर्ट ने बालाराम कुर्रे उर्फ बाला को उम्रकैद की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक वर्षा राठौर के मुताबिक कोर्ट ने बालाराम को रंजीत महिलांगे की हत्या के आरोप में कैद की सजा सुनाई है। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के मुताबिक बालाराम तथा मृतक एक फैक्ट्री मे काम करते थे और लेबर क्वार्टर में साथ रहते थे। बालाराम का रंजीत के साथ 19 अगस्त को खाना बनाने को लेकर झगड़ा हुआ। साथियों ने बीचबचाव कर दोनों के बीच झगड़ा शांत कराया। विवाद के चलते रात को बालाराम ने रंजीत की लोहे की पाइप से सिर, छाती पर हमला कर हत्या कर दी। लेबर क्वार्टर में रहने वाले लोगों ने दूसरे दिन पुलिस को घटना की जानकारी दी।

### क्रिकेटर बनकर जुआरियों के फड़ में छापा



**रायपुर।** मंदिर हसौद पुलिस ने क्रिकेटर बनकर एक जुआ फड़ में छापे की कार्रवाई करते हुए 15 जुआरियों को गिरफ्तार कर 2 लाख 23 हजार रुपए नकद जब्त किए हैं। पुलिस के मुताबिक कोल्हान नाला के जुआ फड़ सजे होने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अफसरों के निर्देश के बाद अलग-अलग पुलिस टीम तैयार कर क्रिकेटर के रूप में जुआ फड़ की घेराबंदी कर जुआ खेलते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने उक्त कार्रवाई सोमवार तड़के ढाई से तीन बजे के बीच की।

### शराब घोटाले के आरोपियों को रिमांड पर लेने आवेदन

**रायपुर।** शराब घोटाला के आरोपियों को रिमांड पर लेने ईडी के वकील ने कोर्ट में सोमवार को आवेदन पेश किया है, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। 5 मई को ईडी की टीम शराब घोटाले के आरोपी अनवर ढेबर, अरविंद सिंह, एपी त्रिपाठी, त्रिलोक सिंह को प्रोटेक्शन वारंट पर कोर्ट में पेश करेगी। सुनवाई के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पूछताछ करने रिमांड की मांग करेगी। गौरतलब है कि शराब घोटाले के आरोपियों के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया है। शराब घोटाले के एक अन्य आरोपी अनिल टूटेजा की कोर्ट ने न्यायिक रिमांड 14 जून तक के लिए बढ़ा दी है। महादेव सट्टा एप मामले में ईओडब्ल्यू ने नीतीश दीवान का प्रोटेक्शन वारंट लेने कोर्ट में आवेदन पेश किया है।

### सूने मकान से लाखों की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व सूने मकान का ताला तोड़कर 30 तोला सोने का जेवर चोरी कर ले जाने के आरोप में पुलिस ने दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। शातिरों के कब्जे से पुलिस ने चोरी का माल बरामद कर लिया है। एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट के उप महाप्रबंधक अब्राहम जॉन के निवास में चोरी करने के आरोप में राहुल उर्फ राजू बघेल तथा प्रीतम तांडी को गिरफ्तार किया है। घटना के समय अब्राहम जॉन का परिवार नागपुर में था। अब्राहम जॉन को नौकरानी के माध्यम से चोरी की जानकारी मिली।

### शहर में हुक्का बार पर प्रतिबंध लगने के बाद बढ़ गया ऑनलाइन नशे का कारोबार

# हुक्का बंद, पर गुड़गुड़ाना जारी, ऑनलाइन चल रही घर पहुंच सेवा, निगरानी का सिस्टम नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में हुक्का बार पर प्रतिबंध लगने के बाद राजधानी में हुक्का के पाट और तंबाकू के फ्लेवर की ऑनलाइन बिक्री जमकर बढ़ गई है। आलम यह है कि बड़ी संख्या में युवा और दुकानदार भी इसे खरीद रहे हैं, जिसे शहर में चोरी छिपे बेचा भी जा रहा है। पुलिस ने बीते महीने इस पर कार्रवाई भी की थी, लेकिन ऑनलाइन हुक्का खरीदने वालों को पकड़ने अभी तक कोई सिस्टम नहीं बना पाया है। हरिभूमि ने ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी के डिलीवरी एजेंट से बातचीत की पता चला तंबाकू के फ्लेवर की बिक्री शहर में ज्यादा है। हर महीने बड़ी कालोनियों समेत प्रमुख जगहों से 50 से अधिक लोगों के घरों व दुकान में होम डिलीवरी करते हैं। एक एजेंट ने बताया कि तीन साल पहले हुक्का की सामग्री की बिक्री 10 प्रतिशत ही थी, जो अब 50 फीसदी बढ़ गई है।

खास खबर

### प्रतिबंध के बाद हुक्का पीना हुआ और भी आसान

बार में हुक्का प्रतिबंध होने के बाद अब इसे पीना लोगों के लिए और भी आसान हो चुका है, क्योंकि ऑनलाइन हुक्का खरीदने से लेकर घर पहुंचने तक कोई जांच नहीं होती। स्कूल-कालेज के छात्रों को ऑनलाइन ऑर्डर पर हुक्का पॉट और फ्लेवर तंबाकू की आपूर्ति की जा रही है। खासतौर पर किराए पर रहने वाले युवा उनके निशाने पर हैं। युवाओं में घरों में ही हुक्का बार बना लिया है। कंपनियां भी अब फ्री होम डिलीवरी देने लगी है। नशे का कारोबार करने वाले तंबाकू के फ्लेवर में बेच रहे हैं।




### ऑनलाइन 200 से 500 तक हुक्का फ्लेवर

फ्लिपकार्ट और अमेजान में ऑनलाइन हुक्का पोट 1 हजार से 5 हजार तक उपलब्ध है, तो वहीं फ्लेवर में दर्जन से अधिक वैरायटी है। इसकी कीमत 200 से 500 तक है। युवक आसानी से ऑर्डर कर हैं। आर्डर करने वालों में युवक और युवतियां दोनों शामिल हैं। प्रतिबंध होने के बाद दुकानों की जगह अब बड़ी संख्या में लोग ऑनलाइन ही खरीद रहे हैं। नशे के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई और सख्ती बरत रही है, लेकिन ऑनलाइन नशे की बिक्री पर रोक लगाने अभी तक जांच और कार्रवाई का सिस्टम नहीं बन पाया है।

### एक से तीन साल तक की हो सकती है सजा

छत्तीसगढ़ में सरकार ने हुक्का बार पर बैन लगाया है। नियमानुसार जो भी हुक्का बार का संचालन करता पाया जाएगा उसके खिलाफ गैर-जमानतीय अपराध कायम होगा और एक से तीन साल तक जेल हो सकती है। वहीं, 10 से 50 हजार रुपये तक जुर्माना देना पड़ सकता है। इसी तरह जो व्यक्ति हुक्का बार में हुक्का के माध्यम से धूम्रपान करता पाया जाएगा उस पर एक से पांच हजार रुपये तक जुर्माना का प्रावधान है।

### ऑनलाइन खरीदी की करेंगे जांच

इस तरह का कोई मामला संज्ञान में नहीं आया है। अगर कोई घर में हुक्का पी रहा है तो उन कार्रवाई करने का प्रावधान नहीं है। ऑनलाइन अगर हुक्का खरीद रहे हैं तो इसकी जांच करेंगे।

**- लखन पटले,** एएसपी सिटी

# माइनिंग घोटाला के आरोपी सौम्या, रानू, समीर तथा सूर्यकांत कोर्ट में पेश





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

माइनिंग घोटाला के आरोपियों की रिमांड खत्म होने पर ईओडब्लू की टीम ने भारतीय प्रशासनिक सेवा की पूर्व अफसर रानू साहू, समीर विश्नोई तथा राज्य प्रशासनिक सेवा की पूर्व अफसर सौम्या चौरसिया तथा कारोबारी सूर्यकांत तिवारी को सोमवार को विशेष अदालत में पेश किया। ईओडब्लू के आवेदन पर रानू तथा सौम्या को पांच जून तथा समीर और सूर्यकांत को 10 जून तक पूछताछ करने विशेष अदालत ने रिमांड पर दिया है। गौरतलब है कि माइनिंग घोटाला के आरोपियों को डेढ़ वर्ष पूर्व ईडी ने पीएमएलए एक्ट के तहत ▶▶ शेष पेज 11 पर

- सौम्या, रानू दो दिन तथा समीर विश्नोई, सूर्यकांत 10 जून तक ईओडब्लू की रिमांड पर

### अवैध वसूली का आरोप

ईओडब्लू ने कोर्ट में पेश अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि सूर्यकांत तिवारी ने अपने दो रिश्तेदार के माध्यम से सौम्या को अवैध रूप से लेवी के माध्यम से 36 करोड़ रुपए पहुंचाए हैं। रानू साहू पर घोटाले के प्रमुख आरोपी सूर्यकांत और उसके सहयोगी कारोबारी तथा ट्रांसपोर्टरों से अवैध वसूली करने में मदद करने का आरोप है।



### आमने-सामने बैठाकर पूछताछ

ईओडब्लू के अफसरों के मुताबिक चारों आरोपियों से पहले अलग-अलग पूछताछ की गई। इसके बाद आरोपियों को एक साथ बैठाकर पूछताछ की गई। सूत्रों के मुताबिक पूछताछ के दौरान ईओडब्लू के अफसरों को माइनिंग घोटाला से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। पूछताछ में मिली जानकारी की पुष्टि करने अफसरों ने चारों आरोपियों से पुनः पूछताछ करने कोर्ट में रिमांड आवेदन पेश किया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए रिमांड स्वीकृत की है।

# लालगंगा शॉपिंग मॉल के मीटर पैनल बोर्ड में आग लगने से मचा हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गोलबाजार थाना क्षेत्र के व्यस्त मार्ग बीएसएनएल कार्यालय के सामने मेन रोड में लालगंगा शॉपिंग मॉल में आग लगने से हड़कंप मच गया। हालांकि फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर एक घंटे के भीतर काबू पा लिया, लेकिन आग पर काबू पाने दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। मौके पर अंदर कुछ लोगों के फंसे होने की अफवाह से राहत तथा बचाव कार्य में लगे फायर ब्रिगेड तथा पुलिस को परेशानी का सामना करना पड़ा। लाल गंगा शॉपिंग मॉल में आग लगने की घटना सोमवार शाम पांच बजे की है। फायर ब्रिगेड ▶▶ शेष पेज 11 पर

**बेसमेट जाने के मार्ग पर लगे मीटर पैनल में आग लगने के बेसमेंट में धुंआ भरा**



- आनन-फानन में कारोबारी सामान समेटकर सुरक्षित स्थान ले गए

### समय रहते आग पर काबू पाने से बड़ा हादसा टला

वर्किंग टाइम में शॉपिंग मॉल में आग लगने की वजह से आग पर तुरंत काबू पा लिया गया। आग पर काबू पाने में देर होने पर मॉल में संचालित दुकान संचालकों को लाखों का नुकसान हो सकता था। इसके साथ ही व्यस्त मार्ग पर होने की वजह से आग को काबू पाने फायर ब्रिगेड को परेशानी का सामना करना पड़ता।

# टैरिफ से पहले अप्रैल की बिजली दो फीसदी महंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं को नए टैरिफ में महंगी बिजली का झटका लगा है। यह झटका तो जून का बिल जब जुलाई में आएगा तब लगेगा, लेकिन इस समय जून में जो मई का बिल आ रहा है, उसमें अप्रैल की बिजली महंगी होने का झटका लग रहा है। अब हर माह बिजली की कीमत तय होने के कारण इस बार अप्रैल की बिजली करीब दो फीसदी महंगी हो गई है। उपभोक्ताओं को 1 जून से मई का जो बिल मिल रहा है, उसमें अप्रैल की खपत के हिसाब से पैसे वसूले जा रहे हैं। मार्च में एफपीपीएएस शुल्क 7.20 प्रतिशत था, जो अब 9.22 प्रतिशत हो गया है, यानी अब ▶▶ शेष पेज 11 पर

- अब हर माह एफपीपीएएस फार्मूले से ऊर्जा प्रभार पर प्रतिशत के हिसाब से तय होती है कीमत

### हर माह तय होती है कीमत

नए फार्मूले में हर माह बिजली की कीमत तय होती है। सबसे पहले पिछले साल अप्रैल में पहली बार नया फार्मूला लागू होने पर शुल्क 5.30 प्रतिशत लिया गया। इसके बाद मई में शुल्क डबल होकर 10.29 प्रतिशत हो गया। तीसरे माह शुल्क रिकॉर्डतोड़ 14.23 प्रतिशत पर जा पहुंचा, लेकिन इसके बाद जुलाई में शुल्क कम हुआ और 11.43 प्रतिशत हो गया। अगस्त में शुल्क 10.31 प्रतिशत रहा। सितंबर और अक्टूबर में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण अगस्त का शुल्क लिया गया, क्योंकि ▶▶ शेष पेज 11 पर

# भीषण गर्मी में घटी आवक, टमाटर-हरा धनिया सहित कई सब्जियों के भाव बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

देश के कई राज्यों में पड़ रही भीषण गर्मी का असर अब सब्जियों पर भी पड़ने लगा है। राजधानी रायपुर की थोक सब्जी मंडी में भीषण गर्मी के कारण सब्जियों की आवक घट गई है, जिसके कारण टमाटर, हरी धनिया, शिमला मिर्च सहित अन्य कई प्रकार की सब्जियों के भाव बढ़ गए हैं। थोक में भाव बढ़ने का असर चिल्हर बाजार में भी पड़ा है। कुछ दिनों पहले तक चिल्हर बाजार में टमाटर क्वालिटी के अनुसार 20 से 30 रुपये प्रति किलो थे वह अब 30 से 40 रुपये हो गया है। इस तरह प्रति किलो टमाटर में 10 रुपये तक वृद्धि आई है। टमाटर के अलावा हरी धनिया भी थोक में 80 रुपये तक पहुंच गई है, जो चिल्हर में 110-120 रुपये है। इस प्रकार अन्य सब्जियों में भी 5 से 10 रुपये तक वृद्धि हुई है।

हरिभूमि सरोकार



**सब्जियों के भाव प्रति किलो में**

| | थोक | चिल्हर |
|---|---|---|
| टमाटर | 25-30 | 35-40 |
| फूलगोभी | 25-30 | 50-60 |
| हरी धनिया | 70-80 | 110-120 |
| मुनगा | 40 | 60-80 |
| शिमला मिर्च | 35-40 | 55-60 |
| करेला | 25-30 | 40-50 |
| परवल | 20-22 | 40 |
| कोचई | 25-30 | 50-60 |
| लौकी | 10-12 | 30 |
| कुम्हड़ा | 8-10 | 20 |
| हरी मिर्च | 40 | 60-80 |
| भटा | 12-16 | 30-40 |

### 35-40 की जगह 15-20 ट्रक पहुंच रही

श्रीराम थोक सब्जी विक्रेता समिति डूमरतराई के अध्यक्ष टी.श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। इसका असर सब्जियों के उत्पादन पर पड़ा है। कम उत्पादन के होने के कारण मंडी में सब्जियों की आवक घट गई है। सप्ताहभर पहले तक 35 से 40 ट्रक सब्जियों की आवक थी जो घटकर 15 से 20 हो गई है। इसके कारण लगभग सभी सब्जियों की कीमत भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि फिलहाल इस सप्ताह आवक बढ़ने की संभावना कम है, जिसके कारण सब्जियों कीमत घटने की संभावना भी कम है।

### औरंगाबाद से आ रहा टमाटर

टमाटर की स्थानीय आवक बहुत कम है, वहीं मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से भी टमाटर की आवक नहीं है। पिछले कुछ दिनों से टमाटर औरंगाबाद बिहार से मंगाया जा रहा है, जिसके कारण इसका भाव बढ़ा हुआ है। स्थानीय आवक के साथ अन्य राज्यों से भी टमाटर की आवक शुरू होने पर ही इसके भाव में गिरावट आएगी।

# पांच दिन पहले मानसून के बस्तर पहुंचने के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अनुकूल परिस्थिति होने की वजह से दक्षिण-पश्चिम मानसून के इस बार अपनी सामान्य तिथि से पांच दिन पहले बस्तर पहुंचने का अनुमान है। यूपी-बिहार के ऊपर बनी द्रोणिका की वजह से दक्षिण में बादल जमकर बरस रहे हैं, जिससे तेज गर्मी और ग्रीष्मलहर से राहत मिल गई है। पिछले दो दिन से तापमान में गिरावट आने की वजह से लू की परेशानी कम हो गई है। सोमवार को राज्य का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिसकी वजह से ग्रीष्मलहर की ▶▶ शेष पेज 11 पर

- यूपी-बिहार के ऊपर द्रोणिका, दक्षिण में जमकर बरसे बादल

### इन इलाकों में बारिश

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में भैरमगढ़ में 7, छिंदगढ़ में 4, पुसौर, रामानुजगंज, कोंटा, सुकमा, नारायणपुर, सारंगढ़ में 3 सेमी. रायगढ़, देवभोग, बगीचा, कुआंकोंडा 2 सेमी. तपकरा, कोंडागांव, कटेकल्याण, मनोरा में एक सेमी. तक बारिश हुई। सुकमा और अंधड़ का दौर चला और कोंटा ब्लाक में बिजली गिरने से 26 मवेशियों की मौत हो गई।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### कोसमखुंटा में कबीर प्राकट्य दिवस 9 को

**आरंग।** कबीर मंदिर ग्राम कोसमखुंटा में 09 जून को सद्गुरु कबीर साहेब जी का प्रकट्य दिवस समारोह का आयोजन रखा गया है। श्री रिसाल साहेब दोंदेकला द्वारा सुबह 08 बजे से प्रभातफेरी व दोपहर 12 से 02 बजे भजन, सत्संग एवं गुरुजनत साहेब जी कबीर आश्रम सकरी द्वारा 03:30 बजे तक प्रवचन कार्यक्रम व भोजन प्रसादी शाम 04 बजे से होगा। उक्त जानकारी मधुसूदन साहू ने दी।

### तिवरैया व कपसदा कचरा डंप, बीमारी की आशंका

**धरसीवां / कूंरा।** धरसींवा के ग्राम तिबरैया व कपसदा सीमा में जी जी वेस्टेज नाम से एक फैक्ट्री है जो हजारों टन कचड़ा तुसली बाराडेरा डम्प स्थान से लकर क्रश केमिनकल वर्क कर सीमेंट फैक्टरी में भेजते हैं ज्ञात हो कि यह कचड़ा पूरे रायपुर शहर की गंदगी है और यह प्लांट का मालिक पंचायत को बदबू रहित सुखा क्रश मटेरियल का काम है बोल कर एनओसी लिया है जिसमे समस्त जनकारी पंचायत को नही दिया गया था उक्त फैक्टरी का कचड़ा हवा से चारो तरफ खेतो और गांव तक फैला है और जहरीली बदबू से ग्रामीणों और रास्ते से गुजरने वाले का जीना दुर्भर हो गया है गांव में लगातार संक्रमण फैल रहा है उल्टी दस्त सहित दमा और चर्म रोग के मरोजो की संख्या लगातार बढ़ रही है ।जिसे लेकर ग्रामीणों ने फैक्टरी बंद करने के लिए प्रदर्शन किये मंत्री कलेक्टर विधायक से गुहार लगाए साथ ही प्रदूषण विभाग को जमकर कोसा साथ ही जल्द से जल्द कार्यवाही न होने पर वहां का कचरा जवाबदेह सभी सरकारी अधिकारियों के कार्यालय में ग्रामीणों सहित जाकर फेकने का बात भी कहा है।

### एनडीए के 400 पार के लिए हवन

**रायपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजू नारायण सिंह ठाकुर ने भाजपा नेताओं के साथ एनडीए के 400 पार के लिए सोमवार को काली मंदिर आकाशवाणी चौक में सप्तशती हवन पाठ किया। हवन में भाजपा प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य छगन मुदंडा, अंजय शुक्ला, अनूप खेलकर, कमल रंधावा, संगीता जैन सहित अनेक भाजपा नेता उपस्थित थे।

### आज सेजबहार के आसपास क्षेत्र में बंद रहेंगी शराब दुकान, अहाता व बार

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को सेजबहार में होने वाली मतगणना के मद्देनजर इस क्षेत्र में शराब दुकान, अहाता और बार बंद रहेंगे। आबकारी अधिनियम के तहत गौरव सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इसके तहत सेजबहार, भाठागांव, संतोषीनगर, डूमरतराई क्षेत्र में शुष्क घोषित किया गया है, जिसके तहत इन क्षेत्रों में संचालित कम्पोजिट मदिरा दुकान संतोषीनगर, विदेशी मदिरा दुकान संतोषीनगर, कम्पोजिट मदिरा दुकान भाठागांव, विदेशी मदिरा दुकान भाठागांव (चंगोराभाठा) डूमरतराई की देशी और विदेशी शराब दुकान, अहाता के साथ रायल बार, योगी बार बंद रहेंगे।

### जीत की अग्रिम बधाई के होर्डिंग्स पर निर्वाचन से शिकायत

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव में रायपुर लोकसभा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को परिणाम आने के पहले जीत की अग्रिम बधाई को लेकर पूरे शहर में होडिंग्स लगाए जाने को लेकर कांग्रेस विधि विभाग ने निर्वाचन आयोग से शिकायत की है।

### निधन

### शशिकांत साहू

**आरंग।** ग्राम संकरी (जावा) निवासी कबीर वाच सेंटर के संचालक शशिकांत साहू (52) का



रविवार–सोमवार की दरम्यानी रात निधन हो गया। वे टेकारी प्राथमिक विद्यालय के सेवानिवृत प्रधानपाठक धरमू प्रसाद साहू के पुत्र, रेवती साहू के पति, जयंत व कविता के पिता तथा दुर्गेश्वरी, मधु, विद्या व सीता के अनुज थे। अंतिम संस्कार सोमवार को संकरी स्थित मुक्तिधाम किया गया।

# लोकमाता अहिल्या देवी की जयंती पर गड़रिया समाज ने निकाली कलशयात्रा

**कार्यक्रम में पूर्व विधायक देवजी पटेल ने शिवभक्त रानी अहिल्या देवी के त्याग-तपस्या को याद किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

झेरिया गड़रिया (पाल धनकर) समाज आरंग के द्वारा प्रथम बार भव्य और ऐतिहासिक कलश यात्रा निकालकर लोकमाता अहिल्या देवी होलकर की 299वी जयंती को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। झेरिया गड़रिया (पाल धनकर) समाज आरंग परिक्षेत्र की ओर से इंदौर की महारानी अहिल्या देवी के जन शताब्दी पर नगर में प्रथम बार भव्य कलश यात्र निकाली गई।

कलश यात्र का नगर में विभिन्न संस्थानों ने स्वागत किया। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि देवजी भाई पटेल पूर्व विधायक ने कहा कि शिवभक्त रानी अहिल्या देवी के योगदान को आज भी देश स्मरण करता है। उन्होंने नारी शक्ति को उनका अधिकार दिलाने में सदैव आगे रही है। इसके अतिरिक्त उन्होंने शिव मंदिर का निर्माण के साथ तालाब और बांध निर्माण में विशेष योगदान रहा है। समाज के मांग पत्र पर उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय से चर्चा कर पूर्ण कराने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने समाज के उत्थान के लिए नशा मुक्ति की दिशा में आगे बढ़ने का आव्हान किया। समाज के प्रदेशाध्यक्ष मिलन धनकर रायपुर ने समाज के उत्थान के लिए अनुसूचित जनजाति में सम्मिलित किए जाने एवं भेड़ पालन, ऊन संवर्धन बोर्ड का गठन किए जाने की मांग की। उन्होंने यह भी बताया की पूर्व मुखमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर में 13 मार्च 2023 को इसका घोषणा भी किया था।



### कलशयात्रा में 20 गांव की सैंकड़ों महिलाएं शामिल

लोकमाता अहिल्या देवी के जन शताब्दी समारोह में आरंग परिक्षेत्र के 20 गांव की सैकड़ों महिलाएं भव्य कलश यात्र में सम्मिलित रही। यह नगर में चर्चा का विषय रहा। समारोह का संचालन सोहन महतो, आभार शिक्षक तुलाराम पालएवं समापन लक्ष्मण पाल ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खोरूराम, राधेश्याम, विरूपल, होरीलाल, नारायण, राजेंद्र, राहुल, मन्नू, राधेलाल, विनोद, संतोष, केशव, शंकर लाल, केशव, इंद्रकुमार, सुमन, राजू, बिट्टू पाल आदि स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

**कार्रवाई : चंदखुरी के कोल्हान नाले पर जमी थी जुआरियों की महफिल**

# पुलिस रेड में नकद 2.23 लाख समेत तीन कार, 5 बाइक जब्त, 15 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंदखुरी

राजधानी के मंदिर हसौद इलाके में पुलिस ने 15 जुआरियों को नगदी रकम के साथ पकड़ा है। आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की टीम को क्रिकेटर बनकर रेड मारनी पड़ी थी। जुआरियों के कब्जे से 3 कार, पांच मोटर साइकिल और 2 लाख 23 हजार नगदी जब्त की गई।

- ज्यादातर जुआरी है रायपुर के, बलौदाबाजार और मंदिर हसौद के भी है शामिल
- जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा के तहत अपराध पंजीबद्ध

दरअसल, घटना मंदिर हसौद थाना क्षेत्र की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि मंदिर हसौद के ग्राम चंदखुरी में कुछ व्यक्ति कोल्हान नाला के पास जुआ खेल रहे है।





चूंकि जुआरी काफी शातिर है और पुलिस से बचने के लिए मुखबिर भी गांव में लगा रखे थे। पुलिस जब भी जुआरियों को पकड़ने के लिए जाती तो आरोपी भाग जाते थे। पुलिस ने इन जुआरियों को पकड़ने के लिए एक योजना बनाई और इसी योजना के तहत ही पुलिस की टीम को पता चला कि गांव में क्रिकेट मैच प्रतियोगिता चल रही है। पुलिस ने जुआरियों को पकड़ने के लिए क्रिकेटर का भेष बनाया और क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए गांव पहुंची। इसी दौरान पुलिस ने जुआरियों के बारे में पुख्ता जानकारी जुटाकर रविवार रात 2 जून को उनके अड्डे में छापामार कार्रवाई की। पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से 15 जुआरियों को पकड़ा।

उनके कब्जे से 2, 23, 200 रूपए, 52 पत्ती ताश, 17 नग मोबाइल, 3 कार व 5 मोटर साइकिल जब्त की। आरोपियों के खिलाफ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 धारा का अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई की गई।




### गिरफ्तार जुआरी

*रिंकू सिसोदिया पिता किशन सिसोदिया उरला, सचिन जैन पिता अशोक जैन समता कॉलोनी रायपुर, राधेश्याम यादव गीता गोविंद यादव गुढ़ियारी रायपुर, हेमंत साहू पिता धनेश साहू निमोरा धरसीवा रायपुर, डाकवरनाथ घृतलहरे पिता मनराखनउरला रायपुर, राजू साहू पिता धनेश साहू गुढ़ियारी रायपुर, शुभम साहू पिता बाबूलाल साहू खमतराई रायपुर, रामायण सिंह पिता शुभम किशोर खमतराई रायपुर, मोहित मन्हरे पिता पति राम मन्हारे सरी खेड़ी रायपुर, ईश्वर दास मानिकपुरी पिता मोहन दास सिमगा बलौदा बाजार, महेश्वर निषाद पिता आजू राम धारसीवा रायपुर, बलराम को सरिया पिता केशव राम टीकरापारा रायपुर, दीपक कोसले पिता बैसाखूराम खमतराई रायपुर, कांता वर्मा पिता विमल वर्मा खरोरा रायपुर और लक्ष्मीकांत वर्मा पिता चैत राम वर्मा चंद्रखुरी बस्ती मंदिर हसौद शामिल हैं।*

# एफएलएन प्रशिक्षण रहा भाषा व गणितीय कौशल पर केंद्रित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद रायपुर के मार्गदर्शन में दो दिवसीय ऑनलाइन एफएलएन प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों के द्वारा भाषा कौशल एवं गणितीय कौशल पर फोकस किया गया। भाषा कौशल के अंतर्गत चार ब्लॉक मॉडल पठन, डिकोडिंग, लेखन व अक्षर ज्ञान, शब्द मिलान, मात्रओं का ज्ञान, उच्चारण, वाक्य निर्माण, समूह गतिविधि, आदि एवं गणितीय कौशल में संख्या ज्ञान, गणितीय सांक्रियाये, मौखिक गणित, पहेली, समझ का विकास, कौशलों का विकास आदि के साथ–साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुपालन, अभ्यास पुस्तिका के माध्यम से पठन–पाठन, दक्षता आधारित शिक्षण, पुनरावृति, आकलन आदि पर न केवल टिप्स दिए गए अपितु शिक्षकों ने भी आने वाली समस्याओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए समाधान की पहल की। ज्ञात हो की एफएलएन ऑनलाइन प्रशिक्षण में आरंग, समोदा, मंदिर हसौद 3 जोन के 900 शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुर्रे सर के अनुसार आगामी सत्र को देखते हुए यह प्रशिक्षण अत्यंत उपयोगी एवं व्यवहारिक है जो की पांच दिवसीय ऑनलाइन एवं चार दिवसीय ऑफलाइन है।

साथ ही प्रशिक्षण के बाद प्री टेस्ट के माध्यम से शिक्षक अपना आकलन भी कर रहे है। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर अमित अग्रवाल, सुमन चतुर्वेदी, युवराम साहू, डोमनलाल डहरिया, विजय देवांगन, होरीलाल पटेल, विश्राम बंजारे, गिरजाशंकर अग्रवाल, किशोर शर्मा, लखमैदर बौद्ध, भागेश्वरी धर्मगुड़ी अपनी सहभागिता दे रहे हैं।

# ग्रामीण श्रमिक निर्धारित मजदूरी से हैं वंचित, शोषण बर्दाश्त नहीं

- राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक श्रमायुक्त को सौंपेगा ज्ञापन

**सिलयारी।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष कमल बांधे ने कहा कि उद्योगों में छत्तीसगढ़िया ग्रामीण मजदूरों विशेषकर हमारी श्रमिक माताओ बहिनो का आर्थिक शोषण अब बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

सांकरा में आयोजित श्रमिक सम्मान समारोह में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष बांधे ने कहा कि यह चिंता का विषय है कि हमारे ही क्षेत्रवासियों की भूमि पर औधोगिकीकरण हुआ और हमारे ही क्षेत्र के मजदूर भाइयो बहिनो को आज तक अधिकांश उधोगो में शासन द्वारा निर्धारित मजदूरी नहीं मिलती ।

राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गा प्रशाद बंजारे ने कहा कि सिलतरा उरला तिल्दा आदि के अधिकांश उधोगो में लेबर ठेकेदारों द्वारा एक तरफ जहां उधोगो में काम करने वाले श्रमिको को निर्धारित से आधी मजदूरी दी जा रही है तो वही लेबर ठेकेदार श्रमिको को राशन आदि सामग्री खरीदने नगदी राशि न देकर अपनी एक चयनित दुकान से ही किराना बर्तन गैस कपड़े जूते चप्पल आदि सभी सामग्री लेने को मजबूर करते हैं ओर वह दुकानदार डेढ़ दो गुना रेट से सामान की राशि जोड़कर मजदूरों के पेमेंट के समय पेमेंट से कटकवाकर ले आता है बाद में ठेकेदार को उसका कमीशन देता है इस तरह मजदूरों का डबल शोषण होता है और छत्तीसगढ़िया लोगो की दुकाने भी नहीं चलती ठेकेदारों की इस मनमानी को बंद कराने वह जल्द ही श्रमायुक्त को ज्ञापन सौपेंगे।

कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष कमल बांधे ने स्थानीय श्रमिको पत्रकारों व श्रमिको के बच्चो का सम्मान भी किया बसत नाँरग ,कविता ब्रह्मदेव लेखराम नौरंगे प्रेमलाल कोसले विद्या यादव ,कमल नारंग कोमल डहरिया देवदास गहरी मोतीलाल साहू ममता रात्रे सहित सैकड़ो कार्यकर्ता ग्रामीण जन उपस्थित रहेंगे

### आरटीई में पढ़ रहे बच्चों को स्कूल में शिक्षा नहीं देने की शिकायत

**रायपुर।** कृष्णानगर स्थित ग्लोरियस हॉयर सेंकडरी इंग्लिश स्कूल को शिक्षा का अधिकार आरटीई की मान्यता नहीं दी गई है, जिस पर स्कूल प्रबंधन ने यहां पढ़ रहे बच्चों की शिक्षा में व्यवधान आने की बात कही है। इसकी शिकायत शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से की है। इस मौके पर समस्त पालकों ने बताया कि यह स्कूल अल्पसंख्यक श्रेणी में आ रहा है, जिसे शासन-प्रशासन आरटीई के तहत मान्यता नहीं दे रहा है और बच्चों की फीस का भुगतान नहीं किया जा रहा है। ऐसा स्कूल प्रबंधन का कहना है, प्रिंसिपल द्वारा पालकों को सूचित किया जा रहा है कि अब आगे हमारे बच्चों को आरटीई के तहत आगे कक्षा में अध्ययन नहीं करा पाएंगे। पिछले कई सत्र से हमारे बच्चे इस संस्था में अध्ययनरत हैं और आगे इसी संस्था में आगे की शिक्षा ग्रहण करें, ताकि सभी बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो। इसके लिए शासन से निवेदन है कि जितने बच्चे वर्तमान में आरटीई के तहत शिक्षा ले रहे हैं, उनका भुगतान ग्लोरियस हॉयर सेकेण्डरी स्कूल में प्रदान किया जाए।

# डिप्टी सीएम शर्मा बोले- नक्सलवाद को समाप्त करना और बस्तर तक विकास ले जाना ही होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा, बस्तर से नक्सलवाद को समाप्त करना ही होगा। बस्तर में विकास भी जरूरी है। हमें बुलेट नहीं बैलेट चाहिए, गनतंत्र नही जनतंत्र चाहिए तभी विकास संभव है, लेकिन बात यह है, नक्सलवाद क्या है? वे क्या चाहते हैं, कोई जस्टीफाई करके बता दे। बस्तर के किसी गांव में स्कूल, अस्पताल, सड़क, आंगनबाड़ी, बिजली, पानी, मोबाइल के टॉवर, ये क्यों नहीं पहुंचने चाहिए, कोई बता दे।

हम लोगों ने कोशिश की थी कि बस्तर के बहुत दूरस्थ क्षेत्रो से युवाओं को लेकर के हम लोग रायपुर लाए थे। वो युवा पहली बार रायपुर आए थे। उनमें से 25 साल के लड़के थे, जिन्होंने कभी टीवी नहीं देखा था। आप कल्पना करें, 25 साल के लड़के ने टीवी नहीं देखा है। सोचो कैसी



जिंदगी होगी। डिप्टी सीएम ने ये बातें यहां पर सिविल लाइन स्थित वृंदावन हाल में आयोजित लोकतंत्र बनाम माओवाद थ्येन आनमन की विरासत के बोझ विषय पर बस्तर शांति समिति द्वारा आयोजि कार्यक्रम में कही। श्री शर्मा ने कहा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संकल्प लिया है कि बस्तर से 3 साल में ही हम नक्सलवाद को समाप्त कर देंगे। उस दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव की सरकार आगे बढ़ रही है और निश्चित रूप से बस्तर से हम नक्सलवाद को समाप्त कर देंगे। श्री शर्मा ने कहा मुख्यमंत्री का बहुत स्पस्ट सोचना है, नक्सलवाद को समाप्त करना ही होगा। बस्तर के गांव तक विकास ले जाना ही होगा। मेरे जैसे छोटे मोटे कार्यकर्ता भी इस पर लगे हुए हैं।

बस्तर के गांव तक विकास पहुंचे, बस्तर के गांव तक उन्नति पहुंचे, इस पर काम किया जा रहा है। नक्सली पर्चा जारी करते है कि इसको मार देंगे, उसको मार देंगे और पर्चा में उसमें कहते हैं कि कारपोरेट वाले आ जाएंगे, बस्तर की सारी संपदा को लूट कर ले जाएंगे। मैं पूछना चाहता हूं, चीन में कारपोरेट वाले नहीं है क्या? क्या वहां पर भू संपदा का दोहन नहीं किया जा रहा है। हमारी सरकार का संकल्प है की बस्तर के विकास के मार्ग पर आईईडी बिछाकर रखे गए हैं, ये आईईडी दूर होने चाहिए, बस्तर के गांव का विकास होना चाहिए।

### टीबी की दवाएं सभी जिलों में उपलब्ध

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में टीबी की दवाएं एक से डेढ़ माह के लिए उपलब्ध है। नई दिल्ली के सेंट्रल टीबी डिवीजन द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जाता है, जिसके अंतर्गत टीबी के मरीजों को उपचार के लिए दवाइयों की आपूर्ति की जाती है। जिलों से मांग अनुसार दवाइयां राज्य ड्रग स्टोर से आपूर्ति की जा रही है। शीघ्र ही सेन्ट्रल टीबी डिवीजन से दवाईयों का नया स्टॉक भी प्राप्त हो जावेगा। बताया गया है कि सेन्ट्रल टीबी डिवीजन द्वारा राज्य व जिलों के अधिकारियों के मदद के लिए हेल्पडेस्क बनाया गया है, जिस पर जारी हेल्पलाईन नम्बर पर कॉल कर दवा से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता या पूछताछ प्राप्त की जा सकती है।

**नशे की लत को छुड़ाने पुलिस पहल के परिणाम सुखद**

# नशा मुक्ति जागरूकता अभियान से आपराधिक गतिविधियों में आई रही गिरावटः एएसपी राठौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

रविवार को रायपुर एवं आरंग पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में नशे से मुक्ति के लिए महाअभियान निजात कार्यक्रम का आयोजन राजपुरोहित अविनाश शर्मा के सौजन्य से किया गया। जिसके अंतर्गत नशा विरोधी जागरूकता नारो के साथ जागरूकता रैली पुलिस थाने से नेताजी चौक, श्याम बाजार, बारगुड़ी पारा, मछली चौक होते हुए बागेश्वर पारा आरंग पहुंची।

इस अवसर पर एएसपी रायपुर ग्रामीण कीर्तन राठौर ने कहा कि रायपुर पुलिस प्रशासन के द्वारा चलाई गई नशे के खिलाफ यह एक ठोस पहल है, जिसके परिणाम स्वरूप न केवल अवैध नशा कारोबार चलाने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा




रही है, अपितु इससे अपराधों में भी कमी आयी है और लोगों को नशा छोड़कर सामान्य जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जा रहा है उन्होंने कहा कि लोग स्वस्फूर्त होकर इस कार्यक्रम से जुड़ते चले जा रहे हैं और चाकूबाजी, लूटपाट, डकैती, छेड़खानी, मारपीट मामलो में कमी आयी है। सीएसपी माना लंबोदर पटेल ने कहा कि नशा समाज की बुराई है जो व्यक्ति और उसके परिवार को तोड़ कर रख देती है तथा रायपुर जिला अध्यक्ष अधिवक्ता संघ हितेंद्र तिवारी ने कहा कि बड़े तो बड़े अभी तो बच्चे भी इसकी गिरफ्त में आ रहे हैं जो की अत्यंत विचारणीय है। साथ ही मंचीय कार्यक्रम बागेश्वर पारा आरंग में कार्यक्रम का संचालन कर रही अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रीति शर्मा सोनपिपरे व शिक्षक अरविंद वैष्णव ने कहा कि "नशा को ना और जिंदगी को हा" वाक्य को चरितार्थ करना ही इस कार्यक्रम का महत्वपूर्ण बिंदु है।

### छालीवुड कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक किया

वही छालीवुड कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा नाश की जड़ का संदेश भी दिया गया। जिसे जनमानस ने खूब सराहा कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन करते हुए थाना प्रभारी आरंग सत्येंद्र सिंह श्याम ने कहा कि आरंग पुलिस थाने में नशा मुक्ति के लिए एक कक्ष है जहां काउंसलिंग की जाती है तथा उन्होंने कहा कि इस बुराई पर सामूहिक रूप से मिलकर ही विजय पा सकते है। सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह के द्वारा सम्मानित भी किया गया। जिसमें जिसमें टीआई सत्येंद्र सिंह एवं सयोजक अविनाश शर्मा की सहभागिता रही। इस अवसर पर कार्यक्रम में गणमान्य वरिष्ठगण, जनप्रतिनिधिगण के के भारद्वाज, देवनाथ साहू, ध्रुरव मिर्धा, गणेश साहू, सूरज लोधी, विनोद साहू, अशोक चंद्राकर, सुशील जलक्षत्री, वेदराम खुटे आदि अधिवक्तागण सागर पांडे, आकृति तिवारी, रीतू बुंदेल, राजीव द्विवेदी, महेश देवांगन, भवानिशंकर बंजारे, शिवशंकर महिलांग, कौशल सोनकर आदि सहित युवाओं एवं माताओ की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही।

# पटाखा फैक्ट्री एवं गोदाम की एनओसी रद्द की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

ग्राम पंचायत छतौद के द्वारा बिना ग्राम सभा के पटाखा गोदाम फैक्ट्री के लिए एनओसी दिए जानें से ग्रामवासी अत्यधिक गुस्से में है। विगत 3माह से ग्राम छतौद में पटाखा गोदाम फैक्ट्री एनओसी दिए जानें को लेकर बैठके हुईं जिसमे ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच को ग्रामवासियों ने जमकर लताड़ा है, जिसके बाद अब सरपंच, पंच ने भी अपनी गलती स्वीकार करते हुए ग्राम सभा में पटाखा गोदाम फैक्ट्री एनओसी रद्द करने हेतु प्रस्ताव पारित किया है।

- छतौद के ग्रामीणों ने मंत्री टंकराम वर्मा से की शिकायत
- मंत्री के निर्देश का पालन अधिकारियों द्वारा नहीं किए जाने से ग्रामवासी नाराज

ग्रामीणों ने इससे पहले मंत्री टंक राम वर्मा से भी मुलाकात कर उन्हें अवगत करवाया जहां मंत्री टंक राम वर्मा ने आश्वासन दिया कि वे इस दिशा में निर्णायक कार्यवाही करेंगे। लेकिन इधर मंत्री के निर्देश का पालन अधिकारियों द्वारा नही किए जानें से ग्रामवासी अत्यधिक नाराजगी व्याप्त है।

ग्रामवादियों ने अंतिम चेतावनी देते हुए पुनः अधिकारी से मिलने समिति का गठन किया है ताकि मध्यप्रदेश, व छतीसगढ़ के बेमेतरा में हुए विस्फोट से सैकड़ों लोगों की मौत की घटना छतौद में पुनरावृति न हो सके। ग्रामवासियों ने पटाखा गोदाम फैक्ट्री के एनओसी को रद्द करने हेतु अब आर पार की लड़ाई का मन बना लिए है। और जब तक एनओसी रद्द नही हो जाती तब तक ग्रामवासीयों ने यह लड़ाई जारी रखने की बात कही है।

## खबर संक्षेप



### एनडीए के 400 पार के लिए हवन

**रायपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजू नारायण सिंह ठाकुर ने भाजपा नेताओं के साथ एनडीए के 400 पार के लिए सोमवार को काली मंदिर आकाशवाणी चौक में सप्तशती हवन पाठ किया। हवन में भाजपा प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य छगन मुदंडा, अंजय शुक्ला, अनूप खेलकर, कमल रंधावा, संगीता जैन सहित अनेक भाजपा नेता उपस्थित थे।

### आज सेजबहार के आसपास क्षेत्र में बंद रहेंगी शराब दुकान, अहाता व बार

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को सेजबहार में होने वाली मतगणना के मद्देनजर इस क्षेत्र में शराब दुकान, अहाता और बार बंद रहेंगे। आबकारी अधिनियम के तहत गौरव सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इसके तहत सेजबहार, भाठागांव, संतोषीनगर, डूमरतराई क्षेत्र में शुष्क घोषित किया गया है, जिसके तहत इन क्षेत्रों में संचालित कम्पोजिट मदिरा दुकान संतोषीनगर, विदेशी मदिरा दुकान संतोषीनगर, कम्पोजिट मदिरा दुकान भाठागांव, विदेशी मदिरा दुकान भाठागांव (चंगोराभाठा) डूमरतराई की देशी और विदेशी शराब दुकान, अहाता के साथ रायल बार, योगी बार बंद रहेंगे।

### जीत की अग्रिम बधाई के होर्डिंग्स पर निर्वाचन से शिकायत

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव में रायपुर लोकसभा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को परिणाम आने के पहले जीत की अग्रिम बधाई को लेकर पूरे शहर में होडिंग्स लगाए जाने को लेकर कांग्रेस विधि विभाग ने निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। विधि विभाग के अध्यक्ष ने इसे चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए होर्डिंग्स लगाने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। उल्लेखनीय है कि रायपुर शहर में ऐसे कई होर्डिंग्स पार्टी के लोगों द्वारा लगाए गए हैं।

### टीबी की दवाएं सभी जिलों में उपलब्ध

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में टीबी की दवाएं एक से डेढ़ माह के लिए उपलब्ध है। नई दिल्ली के सेंट्रल टीबी डिवीजन द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जाता है, जिसके अंतर्गत टीबी के मरीजों को उपचार के लिए दवाइयों की आपूर्ति की जाती है। जिलों से मांग अनुसार दवाइयां राज्य ड्रग स्टोर से आपूर्ति की जा रही है। शीघ्र ही सेन्ट्रल टीबी डिवीजन से दवाईयों का नया स्टॉक भी प्राप्त हो जावेगा। बताया गया है कि सेन्ट्रल टीबी डिवीजन द्वारा राज्य व जिलों के अधिकारियों के मदद के लिए हेल्पडेस्क बनाया गया है, जिस पर जारी हेल्पलाईन नम्बर पर कॉल कर दवा से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता या पूछताछ प्राप्त की जा सकती है। इसके अतिरिक्त टीबी मरीज या आम नागरिकों को दवा या उपचार से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई जानकारी लेनी हो, तो निःशुल्क राज्य हेल्पलाइन नंबर 104 पर सम्पर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

### अम्मा चोले वाली का बरसी महोत्सव 7 को

**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में 7 जून को अम्मा चोले वाली का बरसी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम दरबार के महंत अम्मा मीरा देवी के मार्गदर्शन में होगा। इस कार्यक्रम में रायपुर, तिल्दा, भाटापारा, चकरभाटा, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, धमतरी, दल्ली राजहरा, राजनांदगांव, दुर्ग-भिलाई से 11 धाम से श्रद्धालु शिरकत करेंगे। इसी दौरान सुबह 11 बजे अखंड धुनी पाठ साहब शुरू होगा। इसके बाद आरती, सत्संग, कीर्तन शाम 5 बजे महिला मंडल द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में दरबार के सेवादारी अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, सुशील केशवानी, पवन प्रितवानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे।

---

**मंत्री रहेंगे प्रभार वाले लोकसभा और जिलों में**

# मतगणना पर भाजपा की ऐसी तैयारी, ठाकरे परिसर में आज दिनभर रहेंगे मुख्यमंत्री साय और किरण देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा चुनाव की मतगणना मंगलवार को होगी। इसके लिए प्रदेश भाजपा संगठन ने पूरी रणनीति तैयार कर ली है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सुबह 11 बजे से देर शाम तक दिन भर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में रहेंगे।

यहां पर प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री रामू रोहरा और प्रदेश संगठन के कई पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। डिप्टी सीएम विजय शर्मा जहां राजनांदगांव में रहेंगे, वहीं एक और डिप्टी सीएम अरुण साव बिलासपुर में रहेंगे। इसी के साथ प्रदेश के अन्य मंत्रियों को जिस लोकसभा या जिले का जिम्मा दिया गया है, वे वहां रहेंगे। एकात्म परिसर में भाजपा नेता रहेंगे। भाजपा के प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा ने बताया, मतगणना की समूची प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के नेतृत्व में सभी वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। भाजपा के नेता प्रदेश कार्यालय के कंट्रोल रूम के अतिरिक्त लोकसभा क्षेत्र एवं जिला



मुख्यालय में भी तैनात रहेंगे और मतगणना की सारी प्रक्रियाओं पर चौकस निगाह रखेंगे। किसी प्रकार की कोई घटना, विवाद अथवा अप्रिय स्थिति होने पर उन्हें कंट्रोल रूम में संपर्क करने कहा गया है। श्री रोहरा ने बताया, एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में वाटरप्रूफ पंडाल लगाकर मतगणना के ताजा नतीजों से अवगत कराने के लिए एलईडी स्क्रीन लगाया जा रही है। भाजपा के संगठन महामंत्री संजय श्रीवास्तव, अशोक बजाज, जंयती पटेल और सभी प्रदेश प्रवक्ता व टीवी पैनलिस्ट भी वहां उपस्थित रहेंगे।

#### कौन मंत्री कहां रहेंगे

*मतगणना के लिए भी मंत्रियों को जिम्मा दिया गया है। ये मंत्री अपनी जिम्मेदारी वाली लोकसभा सीट की मतगणना के दिन सुबह से लेकर रात तक रहेंगे। जिन मंत्रियों को जिम्मा दिया गया है, उसमें सरगुजा का रामविचार नेताम, बस्तर का केदार कश्यप, दुर्ग का दयाल दास बघेल, रायगढ़ का ओपी चौधरी, कोरबा का श्याम बिहारी जायसवाल और लखन लाल देवांगन और रायपुर लोकसभा का सांसद सुनील सोनी को दिया गया है। बलौदाबाजार जिले में प्रदेश के मंत्री टंकराम वर्मा रहेंगे। इसी तरह से सूरजपुर जिले में प्रदेश की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े रहेंगी। कांकेर लोकसभा में विक्रम उसेंडी और मोहन मंडावी, महासमुंद में चुन्नीलाल साहू और शंकर अग्रवाल, जांजगीर चांपा में गौराशंकर अग्रवाल और नारायण सिंह चंदेल रहेंगे।*

---

**लापरवाही की तो कड़ी कार्रवाई**

# सीएम साय के निर्देश - सभी किसानों को 15 तक खाद बीज कराएं उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आगामी खरीफ सीजन के मद्देनजर सोसाइटियों में पर्याप्त मात्रा में खाद बीज की उपलब्धत कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कृषि और सहकारिता विभाग के अधिकारी मानक स्तर के खाद-बीज का भंडारण एवं उठाव की स्थिति पर निरंतर निगरानी रखें। उन्होंने 15 जून तक किसानों को उनकी डिमांड के आधार पर गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज प्रदाय किये जाने की व्यवस्था सोसाइटियों के माध्यम से करने को कहा है, ताकि किसानों को खाद-बीज के लिए किसी भी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े, इस संबंध में पहले से ही पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने सोसाइटियों में खाद-बीज के भंडारण और वितरण में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के भी निर्देश दिये है।

मुख्यमंत्री ने अपने खेती-किसानी के दीर्घ अनुभव के आधार पर कहा है कि खरीफ सीजन में किसान भाईयों द्वारा डीएपी खाद की मांग ज्यादा की जाती है। इसको ध्यान में रखते हुए डीएपी खाद की मांग और सप्लाई पर विशेष निगरानी रखी जानी चाहिए। उन्होंने खाद-बीज की गुणवत्ता को लेकर भी सेंम्पलिंग एवं प्रयोगशाला के माध्यम से जांच का विशेष अभियान संचालित किया जाए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने इलाके में खाद-बीज की मांग, भंडारण, उठाव एवं गुणवत्ता की मानिटरिंग के निर्देश दिये हैं।



#### मांग के विरुद्ध खाद का भंडारण 67 प्रतिशत

कृषि उत्पादन आयुक्त ने जानकारी दी है कि खरीफ सीजन 2024-25 के लिए राज्य में 13.68 लाख मैट्रिक टन उर्वरकों की मांग के विरुद्ध तक 9.13 लाख मैट्रिक टन उर्वरक की उपलब्धता है, जो मांग का 67 प्रतिशत है। सोसाइटियों से किसानों को खाद-बीज का लगातार वितरण जारी है। राज्य में खाद-बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जांच-पड़ताल एवं नमूने लिये जा रहे हैं।

#### खाद की जांच के लिए एक हजार नमून लिए गए

रासायनिक उर्वरकों एवं जैव उर्वरकें के गुण नियंत्रण के लिए 1067 नमूने लिये गए है, जिनकी जांच गुण नियंत्रक प्रयोगशाला में करायी जा रही है। सोसायटियों में विभिन्न खरीफ फसलों के बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। खरीफ सीजन 2024-25 में 5 लाख 59 हजार 203 क्विंटल बीज की मांग के विरूद्ध 6 लाख 39 हजार 4 क्विंटल बीज की उपलब्ध है, जो कि मांग का 114 प्रतिशत है। सोसायटियों से किसान लगातार बीज का उठाव कर रहे है। अब तक 03 लाख 75 हजार क्विंटल बीज का उठाव किसानों ने किया है, जो कि बीज की डिमांड का 67 प्रतिशत है।

### अब बारिश से होने वाली बीमारियों का खतरा, मुख्यमंत्री ने चेताया

गरमी का मौसम खत्म होने के बाद जल्द ही बारिश आने वाली है। बारिश का सीजन आते ही वर्षाजनित बीमारियों की आशंका बढ़ जाती है। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मानसून के दौरान संभावित बीमारियों की रोकथाम के लिए अधिकारियों को राजधानी से लेकर ग्राम पंचायत तक लगातार सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश के सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है।

#### पानी के स्रोतों की सफाई करने कहा

मुख्यमंत्री ने हैंडपंप, नलकूप, एवं जल स्त्रोतों की मरम्मत, साफ-सफाई और क्लोरिनेशन कराने के भी निर्देश दिए हैं। ब्लीचिंग पाउडर और क्लोरिन टैबलेट की पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हों। मुख्यमंत्री ने वर्षाजन्य बीमारियों एवं अन्य समस्याओं से निपटने के लिए प्रशासनिक अमले के साथ लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय निकाय एवं स्वास्थ्य विभाग के अमले को अलर्ट रहने को कहा है। उन्होंने कहा है कि बरसात के मौसम में उल्टी-दस्त, मलेरिया आदि मौसमी बीमारियों के होने की ज्यादा आशंका रहती है। पेयजल स्त्रोतों की सफाई जैसे छोटे-छोटे उपायों से इन बीमारियों के प्रकोप से बचा जा सकता है। राज्य में संक्रामक बीमारियों की दृष्टि से संवेदनशील गांवों और इलाकों में स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा लगातार निगरानी रखी जानी चाहिए।

#### सर्पदंश से बचाव के लिए एन्टी स्नेक वेनम तैयार रखें

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि जशपुर अंचल सहित ऐसे क्षेत्र जहा सर्पदंश के मामले ज्यादा आते हैं उन इलाकों में बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। साथ ही सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एन्टी स्नेक वेनम की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों में सर्पदंश के प्रकरणों को हैण्डल करने के लिए चिकित्सक एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी उपलब्ध रहें।

---

## बैज बोले- जनादेश मोदी के खिलाफ होगा, राज्य में भाजपा से ज्यादा सीट जीतेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



पीसीसी चीफ दीपक बैज ने एग्जिट पोल को मोदी पोल बताते हुए दावा किया है कि इंडिया गठबंधन को 295 से ज्यादा सीटें मिलेंगी। इंडिया गठबंधन की बड़े घटक के रूप में कांग्रेस है, ऐसे में राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने एग्जिट पोल के अनुमान पर कहा, इस प्रकार का दुष्प्रचार होगा, इसका अनुमान पहले से ही था। मतगणना के बाद चुनाव परिणाम आने पर साफ हो जाएगा जनादेश पूरे देश में मोदी सरकार के खिलाफ है। जनता ने भाजपा के खिलाफ मतदान किया है। देश में कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। छत्तीसगढ़ में हम भाजपा से ज्यादा सीट जीतेंगे।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाताओं से चर्चा में दीपक बैज ने दावा किया कि भाजपा की खुशफहमी चार जून को खत्म हो जाएगी। मंगलवार को रिजल्ट आने पर स्पष्ट हो जायेगा देश में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनेगी। एग्जिट पोल के नगाड़े फूट जाएंगे। 2004 में भी एग्जिट पोल के नतीजों मे अटल सरकार बन रही थी, लेकिन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह बने थे। 4 जून को मोदी सरकार का अंत होगा देश में खुशहाली का नया सूर्य उदय होगा और आम आदमी की सरकार बनेगी। उद्योगपति, व्यापारी बिना दबाव के व्यवसाय करेंगे, किसानों को उनकी फसल की सही कीमत मिलेगी।

#### कांग्रेस ने ईवीएम पर खड़े किए सवाल

उन्होंने ईवीएम पर सवाल खड़े करते हुए कहा, कांग्रेस की जीत होने के बाद भी लगातार ईवीएम पर सवाल उठते रहेंगे। ईवीएम पर सवाल लगातार उठाते रहेंगे, चाहे फिर चुनाव के समय की बात हो या चुनाव के बाद की बात हो। हम ही नहीं, सभी लोग सवाल उठा रहे हैं। देश की जनता सवाल उठा रही है। कई राजनीतिक दल सवाल उठा रहे हैं, यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट के वकीलों ने भी ईवीएम को लेकर सवाल खड़े किए हैं। यही वजह थी कि सबने मांग की थी कि बैलेट पेपर से चुनाव होने चाहिए, लेकिन समय के अभाव की वजह से यह नहीं हो पाया। कांग्रेस की गारंटी पर जनता ने किया भरोसा, तानाशाही होगी समाप्त उन्होंने कहा, जनता ने राहुल गांधी और कांग्रेस के पांच न्याय और 25 गारंटी पर भरोसा किया है। जनता ने दस साल के कुशासन, भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी, गिरती अर्थव्यस्था, आर्थिक असमानता और संविधान बदलने की नीयत से मुक्ति को लेकर मतदान किया है।

---

## राशन घोटाले की जांच के लिए पुन्नूलाल के नेतृत्व में बनी सदन की समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के आदेश पर विधानसभा सचिव ने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में छह अरब के राशन घोटाले के लिए विधानसभा समिति की घोषणा कर दी। पांच सदस्यों की समिति के सभापति पूर्व खाद्य मंत्री पुन्नू लाल मोहले को बनाया गया है। समिति में दो पूर्व मंत्री राजेश मूणत और विक्रम उसेंडी को रखा गया है। कांग्रेस विधायक लखेश्वर बघेल और संगीता सिन्हा को जांच समिति में है। समिति के सचिव दिनेश शर्मा, विधानसभा सचिव रहेंगे। कोरोना काल में प्रधान मंत्री खाद्यान्न सुरक्षा योजना के लाखों क्विंटल चावल का वितरण नहीं करने के मुद्दे को पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने विधानसभा में उठाया था। राशन दुकानों से चावल, शक्कर सहित अन्य राशन सामग्री की काला बाजारी का आरोप लगाया गया। कांग्रेस शासन काल में राशन घोटाले का बड़ा खेल हुआ। खाद्य संचालनालय के अपर संचालक ने तेरह हजार राशन दुकानों को सालभर के कोटे की तुलना में दो से तीन गुना अधिक चावल का कोटा जारी करने का मामला प्रकाश में आया था।

#### रमन ने लिखा था केंद्र को पत्र

तब डॉ. रमन सिंह ने केंद्र शासन को पत्र लिखकर ईडी अथवा सीबीआई से जांच कराने की मांग की थी। संचालनालय के अपर संचालक ने राज्य से जानकारी भेज कर ये सोच लिया कि मामला खत्म हो गया।

#### सरकार बदलने के बाद फिर उठा मामला

विधान सभा चुनाव में कांग्रेस के हारने के बाद भाजपा सत्ता में आई तो बजट सत्र में धरम लाल कौशिक ने राशन घोटाले के मुद्दे को उठाया। खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल मामले में ठीक से जवाब नहीं दे पाए। खाद्य मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विधायक धरम लाल कौशिक, राजेश मूणत, अजय चंद्राकर सहित अनेक विधायको ने राशन घोटाले के लिए पूर्व शासन के मंत्री सहित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही और विधान सभा समिति से जांच की मांग की थी। विधान सभा अध्यक्ष ने विधान सभा समिति के द्वारा जांच कराए जाने की घोषणा की थी।

---

## डिप्टी सीएम शर्मा बोले- नक्सलवाद को समाप्त करना और बस्तर तक विकास ले जाना ही होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा, बस्तर से नक्सलवाद को समाप्त करना ही होगा। बस्तर में विकास भी जरूरी है। हमें बुलेट नहीं बैलेट चाहिए, गनतंत्र नही जनतंत्र चाहिए तभी विकास संभव है, लेकिन बात यह है, नक्सलवाद क्या है? वे क्या चाहते हैं, कोई जस्टीफाई करके बता दे। बस्तर के किसी गांव में स्कूल, अस्पताल, सड़क, आंगनबाड़ी, बिजली, पानी, मोबाइल के टॉवर, ये क्यों नहीं पहुंचने चाहिए, कोई बता दे।

हम लोगों ने कोशिश की थी कि बस्तर के बहुत दूरस्थ क्षेत्रो से युवाओं को लेकर के हम लोग रायपुर लाए थे। वो युवा पहली बार रायपुर आए थे। उनमें से 25 साल के लड़के थे, जिन्होंने कभी टीवी नहीं देखा था। आप कल्पना करें, 25 साल के लड़के ने टीवी नहीं देखा है। सोचो कैसी



जिंदगी होगी। डिप्टी सीएम ने ये बातें यहां पर सिविल लाइन स्थित वृंदावन हाल में आयोजित लोकतंत्र बनाम माओवाद थ्येन आनमन की विरासत के बोझ विषय पर बस्तर शांति समिति द्वारा आयोजि कार्यक्रम में कही। श्री शर्मा ने कहा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संकल्प लिया है कि बस्तर से 3 साल में ही हम नक्सलवाद को समाप्त कर देंगे। उस दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव की सरकार आगे बढ़ रही है और निश्चित रूप से बस्तर से हम नक्सलवाद को समाप्त कर देंगे। श्री शर्मा ने कहा मुख्यमंत्री का बहुत स्पस्ट सोचना है, नक्सलवाद को समाप्त करना ही होगा। बस्तर के गांव तक विकास ले जाना ही होगा। मेरे जैसे छोटे मोटे कार्यकर्ता भी इस पर लगे हुए हैं।

बस्तर के गांव तक विकास पहुंचे, बस्तर के गांव तक उन्नति पहुंचे, इस पर काम किया जा रहा है। नक्सली पर्चा जारी करते है कि इसको मार देंगे, उसको मार देंगे और पर्चा में उसमें कहते हैं कि कारपोरेट वाले आ जाएंगे, बस्तर की सारी संपदा को लूट कर ले जाएंगे। मैं पूछना चाहता हूं, चीन में कारपोरेट वाले नहीं है क्या? क्या वहां पर भू संपदा का दोहन नहीं किया जा रहा है। हमारी सरकार का संकल्प है की बस्तर के विकास के मार्ग पर आईईडी बिछाकर रखे गए हैं, ये आईईडी दूर होने चाहिए, बस्तर के गांव का विकास होना चाहिए।

---

**भोजन में दाल, चावल, पूरी के साथ भिंडी आलू की सब्जी**

# मतगणाना कर्मियों को नाश्ते में मिलेगी कचौरी के साथ बालूशाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा चुनाव के लिए मतगणना कार्य में लगे कर्मियों के लिए जिला निर्वाचन आयोग ने खाने-पीने की व्यवस्था करने इस बार कलेक्टोरेट परिसर में गढ़ कलेवा संचालित करने वाली संस्था बी-1 कैफे को जिम्मेदारी दी है। मतदान कर्मियों के लिए इस बार भोजन बनाने की व्यवस्था मतगणना स्थल के पास ही की गई है। इसकी वजह गर्मी में किसी दूसरी जगह से भोजन पका कर लाने की स्थिति में खराब होने की आशंका है। इसी वजह से मतगणना स्थल के पास ही भोजन पकाने की व्यवस्था की गई है। भोजन तथा नाश्ता बनाने की व्यवस्था मंगलवार तड़के दो से तीन बजे से शुरू की जाएगी।

गढ़ कलेवा की संचालक विनीता पाठक के मुताबिक 12 लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था करने उन्हें आर्डर मिला है। जिन लोगों के लिए भोजन बनाया जाएगा, उनमें मतगणना कार्य में जुटे कर्मियों के साथ मतगणना कव्हरेज करने आए मीडिया कर्मी शामिल हैं। मतगणना कार्य में जुटे लोगों को गर्म भोजन के साथ नाश्ता मिले, इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें निर्देश दिए हैं।



#### सुबह दो बार नाश्ता वितरित होगा

मतगणना कर्मियों को सुबह सात बजे के करीब नाश्ता में कचौरी के साथ नमकीन में हल्दीराम का नमकीन, बिस्किट के साथ मीठा में बालूशाही मिलेगा। इसके बाद नौ बजे दोबारा नाश्ता का वितरण किया जाएगा। दूसरी दफा जो नाश्ते का वितरण किया जाएगा, उसमें केला के साथ लस्सी का वितरण किया जाएगा।

#### भोजन में मीठा में मिलेगा गुलाबजामुन

मतगणना कार्य में जुटे मतगणना कर्मियों के साथ मीडिया कर्मियों के लिए भोजन में दाल,चावल के साथ पूरी तथा भिंडी आलू सब्जी की व्यवस्था की गई है। दाल-चावल तथा सब्जी बनाने का कार्य नाश्ता वितरण के बाद किया जाएगा। साथ ही भोजन में मीठा के रूप में मतगणना कर्मियों को गुलाबजामुन का वितरण किया जाएगा।

#### कूल रखने पेय पदार्थ

मतगणना कार्य में लगे कर्मियों को मतगणना प्रारंभ होने के साथ नाश्ता वितरण के बाद मतगणना कार्य पूरा होते तक कूल रखने पूरे समय छाछ, नीबू पानी के साथ रसना का वितरण किया जाएगा। साथ ही मतगणना कार्य में जुटे कर्मियों को किसी तरह से स्वास्थ्यगत परेशानी आने पर 10 बिस्तरों का अस्थायी अस्पताल बनाया गया है, जहां ईसीजी की व्यवस्था होने के साथ ऑक्सीजन की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही तीन शिफ्ट में दो-दो डॉक्टर के साथ पैरा मेडिकल के स्टाफ तैनात किए जाएंगे।

---

## स्कूल को आरटीई की मान्यता नहीं, बच्चों की पढ़ाई बाधित

**रायपुर।** कृष्णानगर स्थित ग्लोरियस हॉयर सेंकडरी इंग्लिश स्कूल को शिक्षा का अधिकार आरटीई की मान्यता नहीं दी गई है, जिस पर स्कूल प्रबंधन ने यहां पढ़ रहे बच्चों की शिक्षा में व्यवधान आने की बात कही है। इसकी शिकायत शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से की है। इस मौके पर समस्त पालकों ने बताया कि यह स्कूल अल्पसंख्यक श्रेणी में आ रहा है, जिसे शासन-प्रशासन आरटीई के तहत मान्यता नहीं दे रहा है और बच्चों की फीस का भुगतान नहीं किया जा रहा है। ऐसा स्कूल प्रबंधन का कहना है, प्रिंसिपल द्वारा पालकों को सूचित किया जा रहा है कि अब आगे हमारे बच्चों को आरटीई के तहत आगे कक्षा में अध्ययन नहीं करा पाएंगे। पिछले कई सत्र से हमारे बच्चे इस संस्था में अध्ययनरत हैं और आगे इसी संस्था में आगे की शिक्षा ग्रहण करें, ताकि सभी



बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो। इसके लिए शासन से निवेदन है कि जितने बच्चे वर्तमान में आरटीई के तहत शिक्षा ले रहे हैं, उनका भुगतान ग्लोरियस हॉयर सेकेण्डरी स्कूल में प्रदान किया जाए, ताकि बच्चों का भविष्य खराब न हो और न ही उनका हक छीना जाए। हम समस्त पालक शासन-प्रशासन, शिक्षा विभाग, शिक्षा सचिव, जिला कलेक्टर, आरटीई विभाग से निवेदन करते हैं कि हमारे मांगों पर विचार कर बच्चों के भविष्य को देखते हुए हमारी मांगे पूर्ण करें और शाला प्रबंधन को आदेश जारी करें कि सभी बच्चों को आरटीई के तहत आगे की कथा में निशुल्क शिक्षा प्रदान करें।

## खबर संक्षेप



### लव जिहाद पर रोक लगाने गृहमंत्री से की मुलाकात

**रायपुर।** प्रदेश में लगातार हो रही लव जिहाद की घटनाओं की रोकथाम के लिए हिंदू समाज के लोग ने सोमवार को गृहमंत्री विजय शर्मा से मिले। पिछले एक माह से राजिम से लापता बेटी के परिजनों ने श्री शर्मा को अपनी आपबीती सुनाई। प्रतिनिधिमंडल के साथ गए दिलीप साहू ने बताया कि फोन डिटेल से पता चला कि लापता होने से पूर्व लड़की की धर्म विशेष के लड़के से कई बार बात हुई है। ऑनलाइन गेमिंग और इंस्टाग्राम के माध्यम से लड़की से संपर्क किया गया। परिजनों ने विगत एक माह में कई बार पुलिस थाने में संपर्क किया है, लेकिन अब तक लड़की का कोई पता नहीं चला है। कुम्हारी से आए अश्वनी साहू ने गृहमंत्री को दुर्ग जिले में हुई लव जिहाद की कई घटनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि ज्यादातर मामलों में उनके ही समाज की बेटियों को निशाना बनाया जा रहा है। श्री शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और तत्काल कार्रवाई का भरोसा दिलाया। मुलाकात करने वालों में विनोद साहू, जीतेंद्र साहू, रामबिहारी मिश्रा, डॉ. मोहित साहू, एडवोकेट प्रमोद तिवारी, उमेश साहू, वीरेंद्र सिंह सहित हिंदू समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए।

### प्रकृति प्रेम कार्यक्रम कल

**रायपुर।** पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 5 जून को शाम 6 बजे प्रकृति प्रेम कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय बंगाली सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन तथा शुभम शिक्षण एवं कला संस्थान द्वारा किया जाएगा। इस संबंध में संस्थान की अध्यक्ष महुआ मजूमदार ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान फलदायक पौधे आम, जाम, चीकू, पपीता इत्यादि का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम परिकल्पना एवं निदेशक डॉ. समीर रक्षित, कवि गुरु रवींद्रनाथ ठाकुर के प्रकृति प्रेम रचनावाली के ऊपर का आयोजन समाज के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा किया जाना है इसके बाद सभी अतिथि एवं श्रोताओं को पौधों का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल होंगे।

### धीवर समाज के 201 विद्यार्थियों का किया सम्मान



**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में सोमवार को धीवर समाज युवा प्रकोष्ठ एवं आईटी टीम रायपुर के सहयोग से कॅरियर काउंसिलिंग एवं प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 9वीं से 12वीं तक के होनहार विद्यार्थियों के अलावा ऐसे विद्यार्थी राज्य में समाज का नाम रोशन किया, उन 201 विद्यार्थियों को धीवर समाज युवा प्रकोष्ठ एवं आईटी टीम द्वारा प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। मनोवैज्ञानिक डॉ. वर्षा वरंडकर, अजीत सिंह जाट, बीआर साहू, सुरेश धीवर, पवन धीवर, रामलाल पंडरिया, मनोज बाघमार आदि उपस्थित रहे।

# गर्भकाल में हुई दुर्लभ बीमारी की बेंटाल सर्जरी, हृदय की महाधमनी में थी रुकावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मोर्फान सिंड्रोम की समस्या, बढ़ती उम्र के साथ गंभीर हो गई थी परेशानी
- पांच हजार में एक को होती है दिक्कत, स्वस्थ होने के बाद दोनों मरीजों की छुट्टी

गर्भकाल में शिशुओं में होने वाले जेनेटिक बदलाव के दौरान उपजी मोर्फान सिंड्रोम की परेशानी से दो मरीजों को एम्स के चिकित्सकों ने निजात दिला दी। बेंटाल सर्जरी के माध्यम से उनके हृदय की महाधमनी में होने वाली रुकावट को दूर किया गया। बढ़ती उम्र के साथ उनकी समस्या भी गंभीर होती जा रही थी।

चिकित्सकों का कहना है कि अमेरिकन हॉर्ट एसोसिएशन के एक शोध के मुताबिक तीन से पांच हजार बच्चों में से एक को यह बीमारी जन्मजात होने की आशंका होती है। 60 से 80 प्रतिशत रोगियों को इस प्रकार की समस्या होने पर तुरंत सर्जरी की आवश्यकता होती है। सर्जरी के बाद दोनों मरीजों को कुछ दिन चिकित्सकों की निगरानी में रखकर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। दुर्ग के 35 वर्षीय, कबीरधाम के 18 वर्षीय स्कूली छात्र को सांस लेने में हो रही दिक्कत पर उपचार के लिए एम्स लाया गया था। जांच में आनुवांशिक बीमारी का पता चला, जिसमें गर्भकाल में शिशु में जेनेटिक बदलाव के कारण क्रोमोसोम्स में दिक्कत से हृदय और आंख की मांसपेशियां और उतक विकसित नहीं हो पाते।

इससे हृदय की महाधमनी की मांसपेशियों में अत्यधिक फैलाव, लीकेज, हार्ट फेल होना और महाधमनी के फटने की चुनौती रहती है। बढ़ती उम्र के साथ इसका और अधिक प्रभाव दिखने लगता है। इससे सांस फूलना, अत्यधिक थकावट, कमजोरी के लक्षण आने लगते हैं। लगभग आठ घंटे लंबी चुनौतीपूर्ण कार्डियक सर्जरी पूरी की गई।



*इन चिकित्सकों का रहा योगदान : दोनों मरीजों का ऑपरेशन करने में एम्स के सर्जन डॉ. जी. सौरभ, डॉ. निरूपम चक्रवर्ती, डॉ. प्रनय, डॉ. स्नेहा और मुख्य कार्डियक एनेस्थेटिस्ट डॉ. सुब्रता सिंगा, डॉ. जितेंद्र ने सर्जरी की। पूर्व की जांच को डॉ. सत्यजीत, डॉ. सुरेंद्र नायक और प्रो. नरेंद्र बोधे, डॉ. अनिल, डॉ. संदीप, डॉ. अखिलेश, डॉ. गासपर, डॉ. मनीष, डॉ. अर्पित, डॉ. अमृतांश के साथ पूरा किया।*

### राजधानी में सब्जी बिक्रेताओं को उचित मूल्य व लोगों को हरी सब्जी दिलाने की मुहिम फेल

# उपभोक्ता बाजार में नहीं लौटे किसान, निगम भी दुकान लेने तैयार नहीं, 3 साल से अटकी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

किसानों के लिए उपभोक्ता बाजार बनवाने के बाद कृषि मंडी बोर्ड फंस गया है। किसानों से फीडबैक लिए बिना ही पंडरी और गंजपारा में 150 से ज्यादा दुकानें बनवा दी गई। 6 साल पहले बाजार का शुभारंभ करवाने के बाद अब जिम्मेदार किसानों को बाजार में वापस लाने में नाकाम हैं। इससे तीन साल से बाजार में सन्नाटा पसरा है। किसान बाजार में सब्जी लेकर आने का जोखिम अभी भी नहीं उठाना चाहते। वहीं निगम ने भी बाजार को हैंडओवर नहीं लिया है। इससे लोगों को किसाानों से रोज हरी-सब्जी खरीदने की सुविधा भी नहीं मिल रही है।

राजधानी में कृषि उपज मंडी बोर्ड ने शासन के आदेश पर करीब 8 साल पहले पंडरी में करीब 96, गंजपारा में 60 दुकानों का निर्माण करवाने पर क्रमशः 92 व 36 लाख रुपए यानी 1.28 करोड़ खर्च किया। विगत तीन साल से सब्जी बाजार विरान पड़ा है। दोनों ही क्षेत्र में शहर के आस-पास बाड़ी में सब्जी बेचने वालों को निःशुल्क बाजार देने के लिए किया गया प्रयास इस कारण भी फेल हुआ, क्योंकि कोविड के दौरान किसानों और थोक सब्जी बिक्रेताओं के बीच बाड़ी से सब्जी लेने को लेकर नया सिलसिला शुरू हो गया। इसे देखते हुए किसानों ने व्यापारियों को बाड़ी से ही सब्जी बेचना शुरू कर दिया। इसके चलते सब्जी उत्पादक बाजार तक आने से बचने लगे हैं। नतीजा, रोजगार देने के लिए चलाई गई मुहिम फेल होने से बाजार उजाड़ का हिस्सा बन गया है।




- रोजगार देने के लिए चलाई गई मुहिम फेल होने से बाजार उजाड़ का हिस्सा बन गया

#### बाजार को शुरू करवाने करेंगे प्रयास

उपभोक्ता बाजार में सब्जी उत्पादकों को वापस लाने के लिए कई बार प्रयास किया गया। निगम को बाजार देने के लिए पत्र व्यवहार किया गया, ताकि उपयोगिता बनी रहे। अभी धान खरीदी का दौर चल रहा है। इसके बाद बाजार शुरू करवाने के लिए फिर से प्रयास किया जाएगा।

- **प्रदीप शुक्ला,** सचिव, कृषि उपज मंडी, रायपुर

#### उचित दाम दिलाने की पहल

सरकार ने शहर के आस-पास बाड़ी में सब्जी की खेती करने वाले छोटे किसानों को कोचियों से बचाने व उचित दाम दिलाने के लिए बाजार बनवाया। पंडरी में बाजार शुरू होने से लोगों का अच्छा रिस्पांस भी मिल रहा था। देवेन्द्र नगर, राजातालाब ,लोधीपारा, फाफाडीह सहित आस-पास के लोग किसानों से सब्जी लेने के लिए पहुंचते थे। सालभर से भी ज्यादा बाजार गुलजार रहा। इसी बीच कोविड शुरू हुआ व बाजार में किसानों को आने की मनाही ने उसे विरान किया।ऐसा इसलिए भी हुआ, क्योंकि तब व्यापारियों व किसानों के बीच लेन-देन शुरू होने से वे बाजार में वापस नहीं आए।

#### कई बार किया प्रयास लेकिन..

मंडी बोर्ड ने सब्जी उत्पादकों को बाजार में वापस लाने के लिए कई बार प्रयास किया। हर बार किसानों ने बहाना करते हुए अधिकारियों को टालने का प्रयास किया। नए लोगों को बाजार में बैठाने का प्रयास भी फेल हो चुका है। इसके बाद बाजार शुरू हो इसके लिए बोर्ड के जिम्मेदारों ने रायपुर निगम से पत्र व्यवहार करके बाजार को हैंडओवर करने का प्रयास किया। शहर में कई जगह पसरा लगाने वालों से फीडबैक लेने के बाद निगम ने भी चुप्पी साध ली। इससे बाजार को दोबारा शुरू करवाने की मुहिम ठंडे बस्ते में है। बाजार शुरू होगा, इसकी उम्मीद अब जिम्मेदारों ने भी छोड़ दिया है।

#### यहां बाजार शुरू भी नहीं हुआ

रामसागर पारा, समता कॉलोनी, बढ़ईपारा सहित आस-पास के लोगों को गंजपारा में बनवाए किसान उपभोक्ता बाजार से जोड़ने के लिए निर्माण के दौरान बड़ी लापरवाही हुई। पार्किंग की स्थिति जांचे बिना ही बाजार बनवाने से किसानों ने वहां आने से इंकार किया। इसके चलते बाजार बनने के बाद शुरू नहीं हो पाया। इसके लिए बोर्ड ने कई बार निगम से जमीन मांगा, मगर प्रक्रिया जुबानी रह गई। अब स्थिति यह है कि दोनों ही बाजारों का बुराहाल है। गंजपारा में बनवाए गए बाजार में आस-पास कारोबार करने वाले लोगों ने सामान रखना शुरू कर दिया, इसलिए भी बाजार शुरू नहीं हुआ।

# बढ़ी हुई विद्युत दर का विरोध, महापौर और कांग्रेसी पार्षदों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- दर में वृद्धि का निर्णय वापस लेने की मांग

बिजली की दर में वृद्धि को लेकर शहरी सरकार ने मोर्चा खोल दिया है। बढ़ी दर को वापस लेने की मांग को लेकर सोमवार को महापौर एजाज़ ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे व वरिष्ठ कांग्रेसी पार्षदों के साथ ज्ञापन देने डगनिया स्थित विद्युत मुख्यालय दफ्तर पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव शुक्ला से मुलाकात कर बिजली के दर में वृद्धि को आम उपभोक्ता पर अतिरिक्त भार बताते हुए इस निर्णय को वापस लेने की मांग की।

दरअसल, घरेलू उपयोग की बिजली दर में 20 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोतरी, औद्योगिक व कृषि क्षेत्रों की विद्युत दरों में करीबन 8.35 फीसदी यानी 25 पैसा प्रति युनिट वृद्धि से आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्तभार का विरोध शुरू हो गया है। नई दर के अनुसार 0 से 100 यूनिट तक के खपत पर 3.90 रुपए, 101 से 200 यूनिट पर 4.10 रुपए 201 से 400 यूनिट 5.50 रुपए, 401 से 600 यूनिट 6.50 रुपए और 600 यूनिट से अधिक के उपभोक्ता को 8.10 रुपए प्रति यूनिट का भुगतान करना होगा। महापौर एजाज ढेबर ने कहा, प्रदेश की पूर्व सरकार ने बिजली की दरों को सामान्य दर से आधा किया था, जिससे राज्य के उपभोक्ताओं काफी राहत मिली थी। पर वर्तमान में घरेलू बिजली की दर में प्रति यूनिट 20 पैसे की वृद्धि का अर्थ है, गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले गरीब लोगों का भी घरेलू बजट बिगड़ना। इससे उनका बिजली बिल भी बढ़ जायेगा। कांग्रेसी पार्षदों का ये कहना है, यदि कोई गरीब व्यक्ति अगर 100 से 1 यूनिट भी अधिक बिजली खर्च करेगा, तो उसे 3.90 रुपए की दर पर बिल का भुगतान करना होगा। यही नहीं सरकार ने स्थिर प्रभार की राशि में भी 5 से लेकर 10 किलो वाट के लिए 20 रुपये से लेकर 40 रुपए प्रति किलोवाट तक की वृद्धि कर दी है।

#### विद्युतदर से किसानों को भी नहीं बख्शा गया

वरिष्ठ कांग्रेसी पार्षदों ने विद्युत दर में बढ़ोतरी को लेकर कहा, इसमें किसानो को भी नहीं बख्शा गया। कृषि पंपों पर 25 पैसे की प्रति यूनिट की बढ़ोतरी करने से किसानों की आर्थिक स्थिति प्रभावित होगी। और उपज की लगात बढ़ेगी ज्ञापन सौंपने वालों में महापौर एजाज ढेबर,सभापति प्रमोद दुबे, वरिष्ठ एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, श्रीकुमार मेनन, जीतेन्द्र अग्रवाल, सुंदर जोगी, पार्षद प्रतिनिधि राधेश्याम विभार,पार्षद उत्तम साहू, घनश्याम क्षत्री शामिल थे।

- आयुक्त ने अधिकारियों को दायित्व सौंपे
- 3 शिफ्ट में रहेगी अधिकारी, कर्मचारियों की डयूटी
- 20 जून से प्रभावशील होगा प्रकोष्ठ का कार्यालय

# बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ गठित, मोटर वर्कशॉप रहेगा प्रकोष्ठ मुख्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने मानसून के दौरान अतिवृष्टि होने एवं निगम क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित होने की स्थिति पर जल निकासी व बचाव कार्य के लिए बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया है। प्रकोष्ठ मुख्यालय टिकरापारा पुलिस थाना के पास स्थित मोटर कर्मशाला कार्यालय को बनाया गया है। इसमें आम नागरिक दूरभाष नंबर 0771-2272101, 2274101 में अतिवृष्टि की सूचनाएं दे सकते हैं।

निगम आयुक्त द्वारा इस आशय का आदेश सोमवार को जारी किया गया। इसके मुताबिक कार्यपालन अभियंता प्रदीप यादव को बाढ़ आपदा प्रकोष्ठ का प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। वे बाढ़ नियंत्रण से संबंधित सूचनाएं संबंधित निगम अधिकारियों व कर्मचारियों को तत्काल देने के लिए जवाबदेह रहेंगे। बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ का कार्य 20 जून से प्रभावशील होगा।



#### 3 पाली में लगाई डयूटी

बाढ़ आपदा नियंत्रण प्रकोष्ठ में 8-8 घंटे की 3 षिफ्ट में निगम के अधिकारियों, अभियंताओं और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। संपूर्ण कार्य के लिये निगम के प्रभारी अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। उनके लिंक अधिकारी निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही को बनाया गया है। अतिवृष्टि या आपात की स्थिति में पूर्ण नियंत्रण की जवाबदेही संबंधित जोन के जोन कमिश्नर की रहेगी।सभी जोन कमिष्नर प्रकोष्ठ जोन प्रभारी के तौर पर बाढ़ नियंत्रण कार्य में सहयोग करेंगे। साथ ही जोन कमिश्नर शहर के जर्जर भवनों की सूची तत्काल तैयार कर संबंधित भवन मालिकों को नोटिस देना सुनिश्चित करायंगे।

#### पंप, फायर फाइटिंग उपकरण तैयार रखने निर्देश

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर के ऐसे आवासीय, व्यावसायिक परिसर, जिसमें अतिवृष्टि के समय बेसमेंट में पानी भर जाता है, उसे निकालने पंप फायर फाइटिंग उपकरण तैयार रखने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। सभी जोन कमिश्नरों को प्रत्येक जोन में 100-100 बोरी रेत की व्यवस्था कराने हिदायत दी गई है। बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ मुख्यालय में तत्काल 200 बोरी रेत रखवाना सुनिश्चित करने प्रभारी कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा को दायित्व दिया है। प्रत्येक जोन एवं बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ में बाढ़ राहत सामग्री मोटर पंप, रस्सी, ट्यूब, टार्च, बाल्टियां, धमेला, सब्बल, कुदाल की व्यवस्था जोन द्वारा की जायेगी।

# तेलीबांधा तालाब के मैथिलीशरण गार्डन से अब तक नहीं हटाई निर्माण सामग्री, विरोध के बाद काम बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- गार्डन में सन्नाटा, उद्यान परिसर की खुदाई कर महंगे झूले सहित अन्य इक्वीपमेंट लगा रहे थे
- गहोई वैश्य समाज ने प्रतिमा के सामने बैठकर जताया था विरोध

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के नाम से तेलीबांधा तालाब के समीप बने उद्यान से अब तक निर्माण एजेंसी ने निर्माण सामग्री नहीं हटाई है। गार्डन बंद होने से यहां सन्नाटा पसरा है। गार्डन में प्रतिमा के सामने मशीन लगाकर खुदाई करने, भारी भरकम महंगे झूले इंस्टाल करने को लेकर गहोई वैश्य समाज के पदाधिकारियों के विरोध के बाद निर्माण का काम रोक दिया गया है, पर बाहर से मंगाए महंगे समान को वहां से हटाया नहीं गया, जबकि महापौर एजाज ढेबर सहित एमआईसी सदस्यों गार्डन के व्यसायिककरण के विरोध में धरना देकर इस पर नाराजगी जताई थी।

दरअसल, तेलीबांधा तालाब को रिक्रियेशन जोन के रूप में विकसित करने नगर निगम ने पीपीपी मोड पर एक निजी कंपनी के साथ पूर्व में अनुबंध किया। अनुबंधित एजेंसी द्वारा तेलीबांधा तालाब एरिया में अलग-अलग 4 जोन विकसित कर रिक्रियेशन जोन बनाया गया है। इसमें फूड जोन, योगा जोन, फ्रीडम फाइटर वॉल शामिल है। इसके एवज में नगर निगम को अनुबंधित एजेंसी द्वारा हर साल अनुबंध की शर्त अनुसार एक निश्चित रकम भुगतान किया जाता है। तेलीबांधा तालाब परिसर में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के नाम से उद्यान है। वहां सुबह-शाम बच्चों के अलावा आसपास के रहवासी सेहतमंदी के लिए रोजाना आते हैं। इसी उद्यान परिसर में बिना जानकारी के रात के समय मशीन लगाकर जमीन की खुदाई कराने पर गहोई वैश्य समाज के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष अशोक बानी की अगुवाई में प्रतिमा के सामने एकजुट होकर गार्डन के व्यवसायीकरण पर विरोध जताया।राष्ट्रकवि के प्रतिमा के सामने मशीन लगाकर खुदाई पर रोक लगाने पदाधिकारियों ने आवाज बुलंद की।

#### मेयर सहित कांग्रेसी पार्षदों ने व्यवसायीकरण का किया था विरोध

महापौर एजाज ढेबर सहित एमआईसी सदस्य और कांग्रेसी पार्षद ने गार्डन के व्यवसायीकरण किये जाने पर नाराजगी जताते हुए गार्डन परिसर से निर्माण सामग्री हटाने की मांग की। तब महापौर खुद ये कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। राष्ट्रकवि के नाम से विकसित गार्डन का व्यवसायीकरण नहीं होने दिया जायेगा। महापौर के हस्तक्षेप के बाद गार्डन में निर्माण कार्य रोका गया, पर निर्माण सामग्री को हटाया नहीं गया। गार्डन बंद है, इसे अब तक आम जनता के लिए नहीं खोला गया।

# भूपेश का आरोप-राजनांदगांव में भी बदल दी गई मशीनें

- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की शिकायत, निर्वाचन से भी मांगा जवाब
- पूर्व सीएम बघेन ने सोशल मीडिया में ट्विट कर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया एक्स में पोस्ट कर आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग ने चुनाव में प्रयुक्त होने वाली मशीनों के नंबर दिए थे। इसमें बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट शामिल हैं। मेरे चुनाव क्षेत्र राजनादगांव में मतदान के बाद फ़ॉर्म 17 सी में जो जानकारी दी गई है, उसके अनुसार बहुत सी मशीनों के नंबर बदल गए हैं। जिन बूथों पर नंबर बदले हैं, उससे हज़ारों वोट प्रभावित होते हैं और भी कई लोकसभा क्षेत्रों में यही शिकायतें मिली हैं। हम राज्य निर्वाचन पदाधिकारी से शिकायत कर रहे हैं।



निर्वाचन आयोग को जवाब देना चाहिए कि किन परिस्थितियों में मशीनें बदली गई हैं और चुनाव परिणाम पर होने वाले असर के लिए कौन ज़िम्मेदार होगा?

राजनांदगाव के प्रत्याशी भूपेश बघेल, बिलासपुर के प्रत्याशी देवेंद्र यादव ने इसकी शिकायत की निर्वाचन आयोग से की है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा एक बूथ के लिए बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपेट के अलग-अलग नंबर दिए गए हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा राजनांदगांव लोकसभा के 2329 बूथों में से कई बूथों के पोलिंग मशीन की ग़लत जानकारी दी गई है। इसकी एक सूची साझा कर रहा हूं। इलेक्शन कमीशन द्वारा दी गई जानकारी में निम्न समस्या है। निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई पोलिंग मशीन के बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट के नंबर रेंडमाइजेशन रिपोर्ट और फॉर्म 17 में अलग अलग हैं। ये नंबर डिटेल्ड कमीशनिंग रिप्लेस्ड रिपोर्ट और मॉक पोल के दौरान निरस्त की गई। नई मशीनों की जानकारी की सूची में भी शामिल नहीं है।

#### मॉक पोल के दौरान निरस्त मशीन के नंबर

मॉक पोल के दौरान निरस्त की गई मशीन के नंबर ही चुनाव के बाद दिए गए फॉर्म 17 में लिखे गये हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि कौन से मशीन का उपयोग किया गया है। निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई पोलिंग मशीन के बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट के नंबर में अल्फ़ाबेट की त्रुटि शामिल करने पर अधिक मशीनों के नंबर ग़लत हैं। राजनांदगाव मे फार्म 17 सी में दी गयी नंबर एवं चुनाव आयोग द्वारा दी गयी इवीएम के वीवीपैट के नंबर में अंतर है। यही स्थिति बिलासपुर में है।






हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 4 जून 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

पुरोहितों को सत्यवान की कथा ....

## लाइव इवेंट

## एयर फोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट के लिए आवेदन शुरू, अंतिम तिथि 28 जून तक



**रायपुर।** एयरफोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट के लिए भारतीय वायुसेना की ओर से आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जो भी अभ्यर्थी भारतीय वायुसेना में शामिल होने का सपना देख रहे हैं और और इसके लिए योग्यता रखते हैं, वे ऑनलाइन माध्यम से इस भर्ती में शामिल होने के लिए आवेदन कर सकते हैं। एप्लिकेशन फॉर्म ऑफिशियल वेबसाइट afcat.cdac.in/AFCAT पर उपलब्ध कराया गया है, जहां से आप तय तिथियों में फॉर्म भर सकते हैं। इसके अलावा आप इस पेज पर दिए लिंक से भी आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 28 जून तय की गई है। इस भर्ती में शामिल होने के लिए सभी वर्गों के उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 550 रुपए तय किया गया है। एप्लिकेशन फीस का भुगतान क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड या नेट बैंकिंग के माध्यम से किया जा सकता है। एनसीसी स्पेशल एंट्री वाले अभ्यर्थी इस भर्ती में शामिल होने के लिए निशुल्क आवेदन पत्र भर सकते हैं। भर्ती से जुड़ी अधिक डिटेल के लिए अभ्यर्थी एक बार ऑफिशियल नोटिफिकेशन का अवलोकन अवश्य कर लें।

### 26 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए आयु

एफकैट एग्जाम में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों का फिजिक्स एवं मैथमेटिक्स विषयों से 10+2 उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी ने 12वीं के साथ ही किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से ग्रेजुएशन/ बीई/ बीटेक उत्तीर्ण किया हो। इसके अलावा ग्राउंड ड्यूटी पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 20 वर्ष से कम और 26 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। एनसीसी स्पेशल एंट्री वाले उम्मीदवारों के लिए कम से कम आयु 20 वर्ष और अधिकतम 24 वर्ष निर्धारित की गई है। आयु की गणना 1 जुलाई 2025 के अनुसार की जाएगी।

● महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय में अंतर्राष्ट्रीय अभिलेखागार सप्ताह में नागरिकों ने देखे शहर से जुड़े प्राचीन दस्तावेज

# खम्हारडीह में शिव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रखा गया शंकर नगर का नाम, 1995 में 32 वार्डों का हुआ था पुनर्गठन

*इतिहास को जीवित रखने के लिए दस्तावेजों को सहेजकर रखना बेहद जरूरी है, तभी आने वाली पीढ़ी भी खुद को इतिहास के अतीत से जोड़ पाएगी। कुछ ऐसा ही प्रयास संस्कृति और पुरातत्व विभाग ने किया है। महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय में अंतर्राष्ट्रीय अभिलेखागार सप्ताह का आयोजन किया गया था, जिसमें छत्तीसगढ़ के साथ-साथ रायपुर के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक दस्तावेजों के चित्रों को प्रदर्शनी में शामिल किया था।*




### 1948 में शुरू हुआ था माना में शरणार्थी कैंप

प्रदर्शनी में जिला गरियाबंद के पुरातात्विक स्थल सीताबाड़ी को भारत सरकार द्वारा 1938 में संरक्षित स्मारक घोषित करने की अधिसूचना में लोगों को रोचक जानकारी मिली। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के 14 देशी राज्यों के एकीकरण सबंधी अभिलेख और रायपुर के राजकुमार कॉलेज में सन 1948 में तरणताल और टेनिस कोर्ट निर्माण के लिए विभिन्न रियासतों द्वारा दिए गए अनुदान संबंधी दस्तावेज के बारे में एक्सपर्ट ने लोगों को पूरी जानकारी दी। रायपुर के माना में शरणार्थी कैंप शुरू करने और शरणार्थियों के रायपुर आगमन पर स्थानीय प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं के संबंध 1948 में रायपुर के तत्कालीन उपायुक्त द्वारा लिखे गए ज्ञापन से संबंधित दस्तावेजों पढ़ने को मिला।






**रायपुर।** प्रदर्शनी के जरिए लोगों ने रायपुर में चौक-चौराहे के नाम परिवर्तन के साथ वार्डों के पुनर्गठन के इतिहास को दस्तावेजों के जरिए जाना और समझा। इस प्रदर्शनी में 1927 में रायपुर नगर स्थित बूढ़ा गार्डन को मनोरंजन उद्यान और लारी म्युनिसिपल स्कूल के खेल मैदान विस्तार के लिए नगरपालिका समिति रायपुर को सौंपने संबंधी अभिलेख और आजादी के पहले लोकमान्य तिलक की पुण्यतिथि व गांधीजी के जन्मदिन पर स्थानीय अवकाश घोषित करने रायपुर नगरपालिका के तत्कालीन अध्यक्ष द्वारा संकल्प पारित कर उपायुक्त रायपुर को लिखे गए पत्र का लोगों ने अवलोकन किया।

### 70 से 100 साल पुराने ऐतिहासिक दस्तावेजों का अवलोकन

1952 में रायगढ़, सारंगढ़, जशपुर और बस्तर समेत कांकेर, सरगुजा और राजनांदगांव व कवर्धा राज्य हुआ करता था। सभी राज्यों की पहचान झंडे से होती थी। प्रदर्शनी में सभी झंडों को शामिल किया गया था। कांकेर के झंडे का प्रतीक चिन्ह श्री हनुमान भगवान का पर्वत उठाते हुए चित्र को रखा गया था। इसी तरह बस्तर राज्य के झंडे में अंगा देवता का प्रतीक चिन्ह बनाया गया था। इसके अलावा जशपुर के झंडे में शेर का चित्र बना हुआ था। इस अनोखी जानकारी ने लोगों को प्रदर्शनी से जोड़ रखने का काम किया।



### बीएसपी में रशियन विशेषज्ञों द्वारा जमीन और पानी का परीक्षण

प्रदर्शनी में देखा गया कि सन 1948 में रायगढ़ जूट मिल में मजदूर आंदोलन की घटना, सन 1953 में छुईखदान को खैरागढ़ तहसील में सम्मिलित किए जाने के निर्णय के फलस्वरूप स्थानीय विरोध और गोलीकांड की घटना से संबंधित अभिलेख भी इस प्रदर्शनी में शामिल होंगे। सन 1949 की एक अधिसूचना से यह जाना जा सकता है कि रायपुर खम्हारडीह में शंकर भगवान के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद उसका नाम परिवर्तित कर शंकर नगर किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के लिए रशियन विशेषज्ञों के आगमन और जमीन, पानी के परीक्षण हेतु कोष आवंटन तथा भिलाई इस्पात संयंत्र में विद्युत आपूर्ति हेतु तत्समय किए गए सरकारी प्रयास प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण रहे।

### महात्मा गांधी को भेंट किए थे 2000 रुपए

महात्मा गांधी के छत्तीसगढ़ दौरे के दस्तावेज इस बात को प्रमाणित करते हैं कि जब महात्मा गांधी जब छत्तीसगढ़ पहुंचे थे, तब लोगों ने इसकी खास तैयारी की थी। कई लोगों ने घरों की विशेष सजावट भी की थी। अपने दौरे में महात्मा गांधी ने कहीं भी राजनीतिक बातें नहीं की थीं। उन्होंने अपने भाषण में दलितों को ऊंचा उठाने की बातों को जोर दिया था। इस दौरान लोगों ने सविनय अवज्ञा आंदोलन के लिए महात्मा गांधी को 2 हजार रुपए भेंट किए थे।

## सिटी इवेंट

## असली सफलता पहली बार जीतने में नहीं हैं, लगातार प्रयास करने से मिलती है



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में 'स्टूडेंट एंड मिनिस्ट्री ऑफ एक्सटर्नल अफेयर्स इंगेजमेंट' प्रोग्राम का आयोजन किया गया। वार्ता सत्र के दौरान मुख्य अतिथि जीईसी एनआईटी के भूतपूर्व छात्र एवं विदेश मंत्रालय से एडिशनल सेक्रेटरी जीवी श्रीनिवास उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भारतीय विदेश नीति की विशेषता, उपलब्धियों एवं सफलता से अवगत कराना रहा। वार्ता सत्र के दौरान संस्थान के डायरेक्टर डॉ. एनवी रमना राव, डीन डॉ. श्रीश वर्मा, शोध एवं अधिष्ठाता डीन डॉ. प्रभात दीवान, डॉ. तोषन मीनपाल, डॉ. श्रीश वर्मा, डॉ. रमना राव, डॉ. तोषन मीनपाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### वार्ता में विदेश मंत्रालय के कार्यों की जानकारी

वार्ता सत्र के दौरान जीवी श्रीनिवास ने विदेश मंत्रालय की नीतियों के बारे में चर्चा की। कहा, भारतीय संस्थान और विदेशी संस्थानों के बीच संबंध को मजबूत बनाना जरुरी हैं। असली सफलता पहली बार जीतने में नहीं हैं, असफल होने के बाद अपनी योग्यतानुसार लगातार प्रयास करना ही सफलता है। उन्होंने जी-20 की सफलता पर चर्चा की और भारत के संदर्भ में इसका महत्व समझाया। साथ ही भारत के बढ़ते विदेशी संबंध, उपलब्धियां, मंत्रालय के काम करने के तरीकों की जानकारी दी। वार्ता के अंत में प्रोफेसर एवं छात्रों के लिए प्रश्न-उत्तर सत्र का आयोजन किया गया।

## महेश नवमी पर्व पर होगा साड़ी वॉकेथान महान हस्तियां बन पहुंचेंगी महिलाएं

**रायपुर।** अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन की अष्टसिद्धा एवं संस्कृति सिद्धा समिति द्वारा 8 जून को महेश नवमी पर्व पर साड़ी वॉकेथान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया, राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू बांगड़ एवं राष्ट्रीय महामंत्री ज्योति राठी के मार्गदर्शन में पीली साड़ी और लाल दुपट्टा प्रतिभागियों के लिए ड्रेस कोड सुनिश्चित किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष शशि गट्टानी एवं प्रदेश सचिव रूपा मुंदड़ा ने बताया कि संस्कृति का सम्मान, साड़ी में वॉकेथान का अभियान नारे के तहत इस कार्यक्रम को सभी स्थानीय संगठन में आयोजित किया जा रहा है, वही आयोजन को यादगार बनाने महिलाओं से निवेदन किया गया है कि वे विशेष कैरेक्टर जैसे की रानी लक्ष्मीबाई, सुषमा स्वराज, सरोजिनी नायडू, जीजाबाई बनकर वॉकेथान में पहुंचें, जिससे इन महान हस्तियों की सुंदरता का बेहतर रूप से प्रदर्शन हो एवं एक जैसा ड्रेस कोड होने से आपसी सामंजस्य का संदेश पूरे देश में शानदार तरीके से पहुंचाया जा सके।

# मैक सॉलिटेयर में बॉलीवुड नृत्य ने बांधा समां, टैलेंट से स्टूडेंट्स ने किया चकित

रायपुर। महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज समता कॉलोनी रायपुर में सॉलिटेयर का समापन समारोह सोमवार को मनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागी, मैक के प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। जेसीआई मैक यूनाईटेड रायपुर द्वारा यह आयोजन किया गया था। कॉलेज द्वारा संचालित मैक सॉलिटेयर, जिसमें जुंबा, नृत्य, मेकअप, सेल्फ डिफेंस, कुकिंग, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट से संबंधित विविध विधाओं के प्रशिक्षकों द्वारा माहभर प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें महिलाओं ने अधिक संख्या में रजिस्ट्रेशन कराकर माहभर इसका लाभ प्राप्त किया। समापन समारोह ने स्टूडेंट्स ने अपना टैलेंट दिखाकर सभी को चकित कर दिया। कार्यक्रम गणेश वंदना नृत्य से शुरू हुआ। फिर प्रतिभागियों द्वारा बॉलीवुड के नए-पुराने गाने में समूह नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके बाद एक माह के प्रशिक्षण क्लास के अनुभव को प्रतिभागियो ने साझा करते हुए कहा कि कॉलेज का कार्य काफी प्रशंसनीय व प्रेरणादायक है। विगत कई वर्षों से कॉलेज द्वारा प्रतिवर्ष मैक सॉलिटेयर आयोजित किया जा रहा है, जिसमे हजारों महिलाएं जुड़कर लाभान्वित हो रही हैं।

### मैक कॉलेज में मनाया गया सॉलिटेयर का समापन समारोह



### हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सराहनीय

एक माह के मध्य में विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई थीं, उन्हें समापन समारोह में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। राजेश अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं के सम्मान से ही हर घर का सम्मान होता है। मुख्य अतिथि रमेश अग्रवाल ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं आधार हैं, हर क्षेत्र में उनकी भागीदारी सराहनीय है। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि यशस्विनी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से महिलाओं का उत्साह बढ़ता है। मैक सॉलिटेयर की इंचार्ज अनुराधा दीवान थीं। समापन समारोह में मैक महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, प्रतिभागी, दर्शक उपस्थित रहे।

# समर कैंप में बच्चों ने सीखा फ्री स्टाइल, बॉलीवुड, बेली व डांस



**रायपुर।** पिछले 45 दिनों से चल रहे समर कैंप का समापन समारोह प्रगति भवन ओए बिल्डिंग में किया गया। मुख्य अतिथि श्रीराम जन्मोत्सव समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पांडे ने विजेताओं को पुरस्कत किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सुनंदा चंद्राकर और धर्मेंद्र भगत उपस्थित थे।प्रोग्राम में बच्चों ने उन्हें प्रति रैंप वॉक किया। बच्चों में थीम था शहर के छोटे और गांव की गोरी। बड़े बच्चों में था डिस्को। बच्चों को कैंप में फ्री स्टाइल डांस, बॉलीवुड डांस, बेली डांस, कंटेम्पररी डांस और मिक्स सॉन्ग डांस सिखाया गया था जिसकी प्रस्तुति बच्चों ने दी।

### प्रोग्राम में महिलाओं ने दी प्रस्तुति

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने भी अपनी प्रस्तुति दी। जिसमें घूमर डांस, बॉलीवुड डांस और वेस्टर्न डांस की प्रस्तुति महिलाओं द्वारा दी गई। शुद्ध माह में कई सारे प्रतियोगिता हुए। उसका पुरस्कार वितरण हुआ। फैशन शो जूनियर मी विजेता- अयांश चौधरी , दूसरा - अमायरा कतलम, तीसरा - अयान ,सर्वोत्तम पोशाक - रियांशी, सबसे अच्छा आत्मविश्वास- रूपाली, सीनियर मुझे बचाओ के विजेता - सिवांगी बेनर्जी, सर्वोत्तम आत्मविश्वास - वेदिका यदु और सर्वश्रेष्ठ पोशाक - प्रतिष्ठा सिंह ने जीता।

## टीवी पर आज टकटकी लगाए बैठे रहेंगे देशवासी

# पहली बार मतदान किए युवाओं ने कहा- आज टीवी और मतगणना केंद्रों से देखेंगे देश की नई सरकार

कार्नर न्यूज

*रायपुर। देश के विभिन्न राज्यों में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए मतगणना का क्रम पूर्ण हो चुका है। इसके बाद देशवासी चुनाव परिणाम का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस दौरान पहली बार मतदान में शामिल युवाओं में भी उत्साह देखा जा रहा है।*

### नई सरकार से उम्मींदे अधिक



चुनाव आयोग की निगरानी में वोटों की गिनती 8 बजे से शुरू होगी, सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी और उसके बाद ईवीएम के वोट गिने जाएंगे। रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे मुख्य विषय को ध्यान में रखते हुए मतदान किया है। लोकसभा चुनाव के नतीजा के लिए मैं उत्साहित हूं।
- ईशु देवांगन, 19 वर्ष, बीए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र

### प्रत्याशी चयन को लेकर उत्साह



लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान यादगार रहा, जिसमें शिक्षा, भ्रष्टाचार और ग्रामीण क्षेत्रों का विकास मुख्य विषय रहा। मैं जानने के लिए उत्सुक हूं कि मेरे द्वारा चुना गया प्रत्याशी जीत पाएगा या नहीं।
- अमन वर्मा, फार्मेसी छात्र

### परिवार के साथ देखते हैं चुनाव परिणाम

मंगलवार को लोकसभा चुनाव परिणाम देखने को मिलेगा।



मतदान के वक्त मेरा मुख्य विषय रोजगार रहा। लोकसभा और विधानसभा चुनाव का परिणाम हमारे लिए महत्वपूर्ण होता है, इस दिन हमारा पूरा परिवार साथ बैठकर चुनाव घोषणा सुनना पसंद करता है।
- अतुल बांधे, कॉलेज छात्र

### मनपसंद प्रत्याशी को मिले कितने वोट

पहली बार मतदान के दौरान अधिक जानकारी नहीं थी, लेकिन देश का विकास और किसानों के लिए उत्तम कार्य करने की सोच वाले प्रतिनिधि को अपना वोट दिया है। परिणाम के लिए उत्साहित हूं, मेरे मनपसंद प्रत्याशी को कितने वोट मिले हैं, यह जानने की इच्छा है।
- भूमिका साहू, छात्रा

### कौन-सा प्रत्याशी कहां से जीता

विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत योजना ने मुझे प्रभावित किया। 4 जून को सुबह से जानने की इच्छा रहेगी कि हमारे प्रत्याशी को कितने वोट मिले। अगर कोई प्रत्याशी हारा है तो कितने वोटों से हारा है। वहीं हमारा प्रत्याशी कितने वोटों से जीतेगा।



- योगेंद्र कुमार साहू, छात्र

## धर्म लाइव

# 'कंवर जो मेलो,' डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाकर स्वच्छ समाज का दिया संदेश



**रायपुर।** सिंधु पैलेस शंकर नगर में कंवर जो मेलो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मंगलवार को शाम 4 बजे 125 परिवारों को अन्न व वस्त्र वितरण पूज्य कंवरधाम अमरावती के प्रमुख साईं राजेश लाल व संत कंवरराम सेवा संकल्प की टीम के सानिध्य में किया गया। शाम 5 बजे से 6.30 बजे तक छाया गीत की टीम द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। अमित जीवन, किशोर आहूजा, व अमर गिडवानी एवं पवन प्रीतवानी ने बताया कि पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, छग सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी, तनेश आहूजा की उपस्थिति में एसएसडी महिला मंडल द्वारा भजन एवं गीत की प्रस्तुति दी गई।

### आरती, भोग साहिब, अरदास, गीतों ने किया मंत्रमुग्ध

रात्रि 8 बजे से 9 से बजे साईं राजेश लाल, गोदड़ी वाला दरबार की महंत अम्मा मीरा देवी, अमरधाम चकरभाटा के साईं लालदास, छग साधु समाज व मसंद सेवाश्रम के प्रमुख साईं जलकुमार मसंद एवं महाराज सिंधु मंडल के सानिध्य व सिंधी समाज की गरिमामयी उपस्थिति में आरती, अरदास, भोग साहिब संपन्न हुआ। रात्रि 9 बजे से 9.15 बजे तक संत कंवरराम सेवा संकल्प के अध्यक्ष अमित जीवन द्वारा सिंधी भाषा बोली व संस्कृति पर 15 सूत्रीय डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाकर समाज को एक अच्छा संदेश दिया गया। रात्रि 10.20 बजे से 12.20 तक शदाणी दरबार के नवम पीठाधीश संत डॉ. युधिष्ठिर लाल के सुपुत्र उदयलाल शदाणी की उपस्थिति में विशाल भगत लखनऊ से एवं अनिल भगत उल्लासनगर ने संत कंवरराम साहिब के गीतों से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## सिटी इवेंट

# गर्मी से राहत देने अस्पताल में परिजनों व राहगीरों को बांटा छाछ



**रायपुर।** गर्मी से राहत देने के लिए संस्था अवाम-ए-हिंद सोशल वेलफेयर कमेटी ने डीकेएस अस्पताल में दूरदराज से आए परिजनों के बीच सोमवार को छाछ व शरबत का वितरण किया। मो. सज्जाद खान के अगवाई में संचालित सुपोषण अभियान के तहत निशुल्क भोजन वितरण की जिम्मेदारी 1526वें दिन भी निभाई गई। फुटपाथ पर बेसहारा, लाचार लोगों के साथ ही मासूम बच्चों को गर्म व पौष्टिक भोजन मुहैया कराया गया। साथ ही शहर में बढ़ती गर्मी से निजात दिलाने के उद्देश्य से व्यस्तम मार्गों पर सैकड़ों राहगीरों और अस्पताल में इलाज के लिए मरीज के साथ आए परिजनों को छाछ बांटने की जिम्मेदारी संस्था के लोगों ने निभाई।

### जनभागीदारी से कर रहे सहयोग

संस्था के राजेंद्र शर्मा, सैय्यद जाकिर हुसैन, महावीर जैन, जुबैर खान ने बताया कि संस्था अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए मानव जीवन सुरक्षित करने का प्रयास कर रही है। साथ ही जनहित एवं सामाजिक कार्य के लिए तत्पर है। हर साल की तरह इस गर्मी में भी शीतल जल, शर्बत, नीबू पानी, छाछ वितरण करके ज्यादा से ज्यादा लोगों को राहत देने का प्रयास किया जा रहा है। यह सेवाकार्य जनभागीदारी से किया जा रहा है, ताकि जरूरत के समय लोगों का सहयोग किया जा सके।

## समाज इवेंट

# वार्डों में शिविर लगाकर बच्चों को निशुल्क इलाज कर बांटी दवाई



**रायपुर।** हर्ष जनसेवा संस्था द्वारा शिविर का आयोजन सिमरन सिटी मठपुरैना में किया गया, जिसमें जरूरतमंद बच्चों व लोगों के लिए क्लब फुट का निशुल्क इलाज किया गया। इस दौरान 100 से अधिक मरीजों ने चिकित्सा का लाभ लिया। दूसरी पाली में टिकरापारा थाने व हर्ष जनसेवा संस्था द्वारा निजात जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को नशामुक्ति का संदेश भी दिया गया। पुलिस ने लोगों से कहा कि जीवन को नशे से मुक्त करना जरूरी है। नशा जीवन को पूरी तरह से समाप्त देता है। अच्छे जीवन और स्वस्थ शरीर के लिए हमें नशा को पूरी तरह से छोड़ना होगा। संस्था ने भी आदत को छोड़ने को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के लिए लोगों को विभिन्न गंभीर बीमारियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही लक्षण के बारे में भी बताया गया, ताकि शरीर में बीमारी से जुड़े लक्षण दिखाई दें तो तत्काल इसकी जांच कराएं। शिविर में डॉ. संजय नाहर जैन, सारिका बेग, डॉ. हर्ष तिवारी, नितेश तिवारी, आशीष तनेजा, अमित कुमार सोनी, मोहम्मद फारुख, नीलम नाग, मुक्ति लकड़ा, आयशा खान, नितिन सिंह, पलक नागपाल आदि सदस्य शामिल रहे।

---

## 6 जून को वट सावित्री पूजा, सुहागिनें सुनेंगी सत्यवान की कथा

# पुरोहितों को सत्यवान की कथा सुनाएगी महिलाएं, बरगद की पूजा कर पति की लंबी उम्र के लिए बांधेंगी कच्चा सूत

सुहागिनों का महापर्व वट सावित्री पूजा आगामी 6 जून को है। इसके लिए शहर के प्रमुख मंदिरों व कॉलोनियों में स्थित बरगद पेड़ की पूजा कर महिलाएं पति की दीर्घायु की कामना, सावित्री की तरह व्रत नियम करने वाली हैं। हर साल की तरह इस बार भी पुरोहितों को सत्यवान की कथा सुनाने और विधि-विधान से पूजा कराने के लिए आमंत्रण भी देने पहुंचने लगी हैं। वहीं जिस बरगद वृक्ष के नीचे वे पूजा करने वाली हैं, वहां की साफ-सफाई व शुद्धता के लिए बुधवार को पहुंचेंगी। सुहागिनें गुरुवार को सुबह 8.24 से पूजा नियम करेंगी।



### शिव विहार में भी होगा आयोजन

रायपुरा स्थित शिव विहार में भी महिलाओं के ग्रुप ने सामूहिक रूप से वट सावित्री व्रत के दौरान पूजा करने की तैयारी शुरू की है। इसके बारे में आरती मिश्रा, श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि कॉलोनी में स्थित बरगद वृक्ष के नीचे इस बार भी महिलाएं पूजा करने के लिए जुटने वाली हैं। इसे धार्मिक आयोजन का रूप देते हुए पुरोहित को पूजा कराने के लिए आमंत्रित किया गया है। वहीं बिरगांव के बंजारी नगर स्थित शिव मंदिर में पं. प्रदीप शुक्ला द्वारा पूजा नियम कराया जाएगा। बस्ती की महिलाओं ने इस बार भी सुबह के शुभ मुहूर्त में ही वट सावित्री पूजा के लिए तैयारी में हैं। इसे देखते हुए बुधवार को ही बरगद पेड़ के आसपास सफाई भी करेंगी।

**रायपुर।** राजधानी में इस बार भी दूधाधारी मठ, लोहार चौक, बूढ़ेश्वर चौक के पास स्थित बरगद के विशाल वृक्ष की पूजा-अर्चना के लिए तैयारी है। सुहागिनों के लिए इस व्रत का बहुत महत्व है। कथा के अनुसार इसी पेड़ के नीचे सावित्री ने अपने पति को यमराज से वापस पाया था। सावित्री को देवी का रूप माना जाता है। हिंदू पुराणों में बरगद के पेड़ में ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास होना बताया गया है। पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि मान्यता है कि ब्रह्मा वृक्ष की जड़ में, विष्णु इसके तने में और शिव ऊपरी भाग में रहते हैं। यही वजह है, इस पेड़ के नीचे बैठकर पूजा करने से सावित्री मनोकामना पूरी हुई थी। इस व्रत नियम का पालन करते हुए महिलाएं सबसे पहले उपासक महिलाएं लोटे में जल लेकर बरगद वृक्ष की तीन परिक्रमा करते हुए जल अर्पित करती हैं। इसके बाद पूजा का विधान वे समुह में करती हैं।

### महामाया मंदिर में इस बार भी...

हर साल की तरह महामाया मंदिर परिसर में स्थित बरगद वृक्ष की पूजा के लिए सरस्वती पांडेय, कविता शुक्ला ने आसपास की महिलाओं का ग्रुप बनाकर अमावस्या तिथि पर सुबह 8.24 से पूजा नियम करने वाली हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए मंदिर के पुजारी भी सहयोग करते हैं। उनके मार्गदर्शन में ही हर साल पूजा किया जाता है। जगह की सफाई करने के बाद शुद्ध आसन लगाया जाता है। जहां पुरोहित बैठकर पूजा के सभी नियम कराने के बाद सावित्री व सत्यवान के जीवन प्रसंग से जुड़ी कथा सुनाते हैं। इस बार भी आयोजन के लिए तैयारी की जा रही है। इस बार भी भारी तादाद में आसपास की महिलाएं पूजा में शामिल होंगी।

### सुरेश्वर महादेव पीठ में आराधना

स्वामी राजेश्वरानंद ने बताया कि हर वर्ष की तरह जेष्ठ मास कृष्ण पक्ष अमावस्या तिथि पर वट सावित्री व्रत का विधान कचना स्थित सुरेश्वर महादेवपीठ के पास स्थित बरगद पेड़ के नीचे किया जाएगा। गर्मी को देखते हुए आसपास की महिलाओं ने सुबह के समय सामूहिक रूप से पूजा करने के लिए आमंत्रित किया है। आसपास पॉश कॉलोनियां होने की वजह से वट सावित्री पूजा के चलते हर साल सुबह से ही उत्सव का माहौल बनता है। इसमें लगभग 1000 महिलाएं वटवृक्ष की परिक्रमा करके अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए प्रार्थना करती है। वट सावित्री व्रत की कथा और आरती के बाद मंदिर में प्रसाद वितरण किया जाता है।



---

# संस्कृत सिखाने शुरू हुई पाठशाला 76 युवाओं को प्रशिक्षक करेंगे पारंगत

## अखिल भारतीय संगठन संस्कृत भारती ने शुरू किया आवासीय प्रशिक्षण

**रायपुर।** युवाओं को संस्कृत और संस्कृति से जोड़ने के लिए अखिल भारतीय संगठन संस्कृत भारती ने इस बार भी संस्कृत भाषा का प्रचार प्रसार करने के लिए प्रदेश स्तर पर 10 दिवसीय आवासीय पाठशाला भाठापारा में शुरू की है। इसमें शामिल होने के लिए 76 युवकों व युवतियों ने पंजीयन कराया है। इसमें दुर्ग-राजनांदगांव सहित सरगुजा-जशपुर से भी संस्कृत सीखने की इच्छा रखने वाले प्रतिभागी पहुंचे हैं। इनको दुर्गेश तिवारी, होमेश चंद्राकर और डॉ. गोपेश तिवारी प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रशिक्षण शिविर में इस बार रायपुर के भी 12 प्रतिभागी संस्कृत की पाठशाला में शिरकत कर रहे हैं। जहां उन्हें पहले दिन संस्कृत में अपना व परिवार के लोगों का परिचय देना सिखाया गया।



### अविष्कार का मूल सूत्र

डॉ. गोपेश ने बताया कि शिविर में स्कूलों मे संस्कृत गीत को कैसे गाएं, संस्कृत को कैसे पढ़ाएं, संस्कृत की बारीकियां, संस्कृत व्याकरण व धाराप्रवाह संस्कृत में बोलना सिखा रहे हैं। इसमें संस्कृत में गीत, नाटक, कहानी, लिखना भी बताया जाएगा। इस प्रयास से सभी संस्कृत बोलने में माहिर हो सकते हैं। इसमें मुख्य रूप से संस्कृत का विज्ञान में महत्व और आयुर्वेद में संस्कृत तथा अभी तक हुए अविष्कारों में संस्कृत के योगदान के बारे में बताएंगे। अविष्कार का मूल सूत्र संस्कृत के प्राचीन ग्रंथों, वेद, उपनिषदों में वर्णित है।



### संस्कृत में गा सकते हैं गाना

पं. चंद्रभूषण शुक्ला ने बताया कि हर वर्ग के लिए पाठशाला का शुभारंभ किया गया। इसमें संस्कृत की महत्ता के बारे में जानकारी देने के बाद बताया गया कि इसके उच्चारण में शब्द सही हैं या नहीं, इसकी जानकारी दी गई। सम्मान बोधक शब्दों का उपयोग करते हुए किस तरह से संस्कृत में गाना-गाया जा सकता है। किसी श्लोक का उच्चारण करते समय भी कठिन शब्दों को कैसे स्पष्ट रखें। अनाज, किचन, पूजा घर में उपयोगी सामान को संस्कृत में किस नाम से पुकारा जाता है। घर में किस तरह से संस्कृत में बात कर सकते हैं, यह भी बताया जाएगा।

# कबीर वाणी में सभी समस्याओं का हल कर्म से ही समाज में मिला है स्थान

**रायपुर।** कबीर नगर उरला में 626वीं सतगुरु कबीर स्मृति महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कौशिल्या देवी साय धर्मपत्नी सीएम विष्णुदेव साय शामिल हुई और हिंदुत्व और गुरुत्व पर उपस्थितजनों को संबोधित किया। कबीर पंथ के संतो ने सद्गुरु कबीर साहेब के विचार, सामाजिक उत्थान और मानवता के लिए कार्य को बताते हुए कहा की विभिन्न प्रकार के समस्याओं का हल कबीर की वाणी में है। कबीर स्मृति महोत्सव में पहुंची कौशिल्या देवी साय ने कहा कि प्रकृति की रक्षा और मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है। भूखे को भोजन देना, प्यासे को पानी पिलाना दूसरे के दु:ख में मदद करना भी धर्म का काम है।



### प्रकृति की रक्षा और मानवता ही सबसे बड़ा धर्म

बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद से ही सफलता मिलती है। हमारे कर्म और व्यवहार से ही हमें समाज में स्थान मिलता है। सद्गुरु कबीर ने समाज में ऊंच नीच का भेदभाव मिटाया और सामाजिक समरसता को लेकर किये कार्य आज भी प्रासंगिक है। विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि सनातन ही सबसे बड़ा धर्म है। अपने धर्म पर गर्व करते धर्म की रक्षा के लिए आगे आने को कहा। कबीर साहेब ने अपने विचारों से शांति के लिए भटक रहे लोगों को जोड़कर धर्म की राह पर लाये।

### ये हुए शामिल

इसके पूर्व आचार्य पंथ मंगल साहेब और आश्रम के संस्थापक पूर्णेंद्र दास ने कबीर के विचारों को बताते हुए कहा कि वेद पढ़ने आए या न आए, वेदना पढ़ना जरूर आना चाहिए। बिना गुरु के जीवन में सफलता नहीं मिलती। सभी धर्म के महापुरुषों ने भी बताया है कि कबीर साहेब की वाणी में विभिन्न समस्याओं का हल है। इस दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल, पार्षद बृजलाल पटेल, कुलेश्वर साहू, कांशीराम कोसरे, शिवेंद्र परिहार, पूर्व पार्षद लीलाधर पाल, अभिषेक उपस्थित रहे।

---

## कम उम्र में ही बच्चों की पढ़ाई पर जोर, स्क्रीन टाइम कम करने प्री-स्कूल का सहारा

कार्नर न्यूज

# बच्चों को 5 साल की उम्र तक पारिवारिक माहौल में रखें स्कूल की जगह घर में ही प्रैक्टिकल लर्निंग पर दें ध्यान

**रायपुर।** कम उम्र से ही परिजन अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए तनाव में नजर आते हैं। बच्चों में तेजी से विकास के लिए माता-पिता द्वारा प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिला कराया जा रहा है। परिजनों के अनुसार, आसपास के वातारण के अनुसार कार्य करना होता है। वर्तमान समय में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के शिक्षण संस्थान संचालित किए जा रहे हैं। जहां बच्चे पढ़ाई के साथ सामाजिक गतिविधियों में हिस्सा लेते हैं। बदलते ट्रेंड के अनुसार माता-पिता की सोच बच्चों की शिक्षा को लेकर बदलती जा रही। वह छोटी उम्र से ही बच्चों की शिक्षा पर अधिक ध्यान दे रहे, जिसके लिए घर के सदस्य 2 साल की उम्र में ही बच्चों को पढ़ाई करा रहे।



*गिरिवर वर्मा ने बताया, मेरे अनुसार 4 से 5 साल की उम्र तक बच्चे का स्कूल में दाखिला नहीं कराना चाहिए, लेकिन आसपास के माहौल को देखते हुए कम उम्र से ही बच्चों की पढ़ाई जरूरी है। वर्तमान समय में मेरी बेटी की उम्र 3 वर्ष है, जिसे अब तक घर पर ही शिक्षा दी गई है, जिसके लिए घर पर विभिन्न एक्टिविटीज के माध्यम से पढ़ाई कराई जाती है।*

### एक्टिविटी के साथ बच्चों की पढ़ाई

*स्नेहा ने बताया, कुछ सालों पहले आसपास के छोटे बच्चे मिलकर समूह में खेलना पसंद करते थे, लेकिन बदलते वक्त के साथ अब ऐसा नहीं होता। मेरी 2 वर्ष की बिटिया है, जिसका दाखिला प्री-स्कूल में हुआ है। इससे उसे अपनी उम्र के बच्चों के साथ खेलने का मौका मिलता है, साथ ही मोबाइल, टीवी के अधिक उपयोग से दूर रहती है।*

### बच्चों को 5 साल तक पारिवारिक माहौल दें



निजी विद्यालय की प्राचार्य शीला पिल्ले ने बताया, छोटे बच्चों को 5 साल की उम्र तक पारिवारिक माहौल में रखना चाहिए। कामकाजी माता-पिता के चलते केयरटेकर द्वारा बच्चों की देखभाल की जाती है। पारिवारिक माहौल की शिक्षा बच्चों के लिए फायदेमंद साबित होती है।

### प्रैक्टिकल लर्निंग जरूरी



मनोवैज्ञानिक पूर्वा जैन ने बताया, ढाई साल की उम्र से पहले बच्चों को स्कूल नहीं जाना चाहिए। 3 साल के बाद बच्चों को प्ले स्कूल में दाखिला कराना चाहिए। पैरेंट अपने बच्चों की प्रैक्टिकल लर्निंग पर ध्यान दें। परिजनों को काम करता देख बच्चे उनकी जिद्द करते हैं, जिसके लिए घर का वातावरण सामान्य होना चाहिए।

## सिटी स्पोर्ट्स

### दो दिवसीय अग्रवाल बैडमिंटन लीग 8 जून से

**रायपुर।** अग्रवाल सभा की युवा मंडल द्वारा 8 और 9 जून को बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। स्काई टी.एम.टी व आई स्पोर्ट्स के सहयोग से उक्त प्रतियोगिता आई स्पोर्ट्स एरेना दलदल सिवनी (मोवा) सीवानीं मोवा होगी। युवा मंडल अध्यक्ष राम अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल युवा मंडल विगत वर्षो से समाज के युवाओं को प्रेरित करने के लिए समय-समय पर भिन्न-भिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करने व लोगों का खेल के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। युवा मंडल महामंत्री सी. एस. सौरभ अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम के व्यवस्थित व सुचारू आयोजन के लिए 4 सदस्यीय समिति का गठन किया है। जिसमें मनोज अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, संदीप अग्रवाल व सिद्धार्थ तुलस्यान शामिल हैं। वहीं, मीडिया प्रभारी आयुष मुरारका ने बताया कि अभी तक करीब 200 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता के लिए अपना पंजीयन करवा लिया है। प्रतियोगिता विभिन्न वर्गों में आयोजित की जा रही है। जिसमें महिला, पुरुष व बच्चे बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। विजेताओं को विभिन्न पुरस्कार भी दिए जाएंगे। प्रतियोगिता की समय सारिणी के लिए 5 जून को खेल स्थल में ड्रॉ निकाला जाएगा।

### अंडर 16 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रीक्ट टूर्नामेंट



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर 17 मई से अंडर 16 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रीक्ट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 8 टीमों ने भाग लिया। स्पर्धा का तीन दिवसीय फाइनल मैच रायपुर व दुर्ग के बीच कल्याण कॉलेज भिलाई में 2 जून को प्रारंभ हुआ। जिसमें दुर्ग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। दुर्ग ने अपनी पहली पारी में 61.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाए। दुर्ग की ओर से युग देशलहरा ने 55 रन बनाए। रायपुर की ओर से सुमीत कुकरेजा ने 5 विकेट तथा वेदांत जैन ने 3 विकेट प्राप्त किए। दूसरे दिन की समाप्ति तक रायपुर ने अपनी पहली पारी में 73 ओवरों में 2 विकेट के नुकसान पर 260 रन बना लिए हैं। रायपुर की ओर से हर्षित कुमार यादव ने नाबाद 118 रन तथा अमेया मोरे ने 82 रनों का योगदान दिया। इस तरह रायपुर ने अब तक 101 रनों की बढ़त बना ली है।

## कुछ कृत्यों से शनि देव हो जाते हैं नाराज, देकर रहते हैं सख्त सजा



ज्योतिष शास्त्र में शनि देव को सबसे सर्वश्रेष्ठ ग्रह के साथ ही क्रूर और गुस्सैल ग्रह भी माना जाता है। शनि देव न्यायप्रिय और कर्म कारक देवता कहलाते हैं। साथ ही इन्हें कलियुग का दंडाधिकारी की उपाधि भी प्राप्त है। शनि देव अगर प्रसन्न हो जाए तो जीवन खुशियों से भर देते हैं लेकिन शनि को गुस्सा आ जाए तो सख्त सजा देते हैं।

### ऐसा काम न करें जिससे शनिदेव हों रुष्ट

यही कारण है कि हर कोई शनि की बुरी दृष्टि से बचने का प्रयास करता है। ज्योतिष में शनि देव को प्रसन्न करने और उनकी बुरी दृष्टि से बचने के कई उपायों के बारे में बताया गया है। अगर आप भी शनि देव के दंड से बचना चाहते हैं तो ऐसा कोई भी काम न करें, जो कि शनि देव को पसंद नहीं है। आइये जानते हैं किन कामों को करने वाले लोगों से शनि देव नाराज हो जाते हैं और दंड देते हैं।

**ऐसे काम से शनि देव हो जाते हैं खफा :** जो असहाय लोगों को जान बूझकर परेशान करते हैं या सताते हैं उससे शनि देव बहुत नाराज हो जाते है। ऐसे काम करने वालों को शनि देव कभी माफ नहीं करते। इन लोगों पर जब शनि की ढैय्या या साढ़ेसाती चलती है तो शनि देव खूब कष्ट देते हैं।

महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगों, मजदूरों और जानवरों को परेशान करने वालों को भी सजा देने में शनि देव पीछे नहीं रहते हैं।

जो लोग झूठ बोलते हैं, चोरी करते हैं, गरीबों का धन हड़पते हैं, झूठी गवाही देते हैं और गंदी नीयत रखते हैं, उन्हें भी शनि की बुरी दृष्टि का सामना करना पड़ता है।

ऐसे लोग जो गलत काम करके खूब पैसा कमा लेते हैं, उन्हें शनि देव ऐसा दंड देते हैं कि सड़क पर ला देते हैं। वहीं मेहनत से धन कमाने वालों पर शनि देव की कृपा बनी रहती है।

## एयर कंडीशनिंग कई लोगों के लिए राहत का एक ज़रूरी साधन

# लगातार एसी में बैठना भी है सेहत के लिए नुकसानदायक ड्राई स्किन और अस्थमा अटैक का बढ़ता है खतरा

एयर कंडीशनर में लंबे समय तक बैठने के कारण कई सारी शारीरिक दिक्कतें हो सकती है। जैसे स्किन से जुड़ी परेशानी के साथ अस्थमा अटैक का खतरा भी काफी ज्यादा बढ़ जाता है। चिलचिलाती गर्मी के महीनों में जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है। एयर कंडीशनिंग (एसी) कई लोगों के लिए राहत का एक जरूरी साधन बन जाता है। आजकल की मॉर्डन लाइफस्टाइल में ज़्यादातर लोग तेज गर्मी से बचने के लिए एसी पर निर्भर हो रहे हैं। एयर कंडीशनर हवा को ठंडा करके और नमी को कम करके काम करते हैं। हालांकि, हाल ही में डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि एसी का लंबे समय तक इस्तेमाल कई तरह के स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकता है।



### एसी से फैलती है लीजियोनेयर्स की बीमारीर

सर गंगा राम अस्पताल के मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ सलाहकार एम वली ने बताया कि एसी से लीजियोनेयर्स की बीमारी फैलती है जो एचवीएसी सिस्टम में पानी की गंदगी और एरोसोल धुंध के माध्यम से बैक्टीरिया के फैलने के कारण होने वाला निमोनिया का एक गंभीर रूप है। एसी के कुछ ही ऐसे ब्रैंड है जो ठीक से फिल्टर करते हैं ताकि इंफेक्शन का खतरा कम हो।



### एसी से आराम लेकिन स्वास्थ्य समस्याएं भी

एसी में बैठने से शरीर को काफी ज्यादा आराम मिलता है लेकिन इससे कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं भी हो सकती हैं। जिसमें त्वचा का ड्राई होना, परतदार और खिंची हुई त्वचा से लेकर सिरदर्द, सूखी खांसी, चक्कर आना और मतली, आदि परेशानी हो सकती है। एसी के ज्यादा इस्तेमाल से एलर्जिक राइनाइटिस और अस्थमा जैसी सांस से जुड़ी बीमारियां हो सकती हैं। अगर एसी का ठीक से रखरखाव नहीं किया जाता है तो इंफेक्शन होने का खतरा बढ़ता है।

## छोटे बच्चों को गलती से भी न दें ऐसे फूड्स जो बन जाते हैं बीमारी का कारण

अपने बच्चे की हेल्थ का ख्याल रखना हर परिवार का कर्तव्य होता है। विशेषज्ञों के अनुसार 6 महीने तक के शिशुओं को केवल मां का दूध या फॉर्मूला मिल्क देना चाहिए, यह सभी जानते हैं लेकिन जैसे ही बच्चा 6 महीने का होता है, माता-पिता उसे नए-नए स्वाद चखाने लगते हैं। हालांकि, 1 साल से छोटे बच्चों की किडनी, लिवर और अन्य अंग पूरी तरह विकसित नहीं होते हैं, इसलिए उनकी डाइट में सावधानी बरतनी चाहिए। कुछ ऐसे फूड्स हैं 12 महीने से कम उम्र के बच्चों को नहीं देना चाहिए।



**नमक :** बच्चों के खाने में नमक डालने से बचें। एक साल तक के बच्चों के गुर्दे (किडनी) नमक को सही से प्रोसेस नहीं कर पाते। इससे उनके हेल्थ पर बुरा असर पड़ सकता है।

**चीनी :** बच्चों को ज्यादा चीनी वाली चीजें न दें। इससे उनके दांत खराब हो सकते हैं और मोटापा बढ़ने का खतरा भी रहता है। प्राकृतिक रूप से मीठे फलों को उनकी डाइट में शामिल करना बेहतर होता है।

**नट्स और हार्ड फूड्स :** एक साल से छोटे बच्चों को नट्स और हार्ड फूड्स (जैसे गाजर के बड़े टुकड़े) देने से बचें। बच्चों के लिए इन्हें चबाना और निगलना उनके लिए मुश्किल होता है और इससे गला चोक होने का खतरा रहता है।

**आइसक्रीम :** आइसक्रीम दूध से बनती है और एक साल से छोटे बच्चों के लिए गाय या भैंस का दूध पचाना मुश्किल होता है। इससे बच्चों को एलर्जी, पाचन समस्याएं या पेट दर्द हो सकता है। इसलिए एक साल से छोटे बच्चों को आइसक्रीम नहीं देनी चाहिए।

**चॉकलेट :** शिशुओं के लिए चाकलेट काफी हानिकारक हो सकती है। इससे उनकी नींद में बाधा आ सकती है और पेट भरा हुआ महसूस होता है, जिससे वे खाना खाने से बचते हैं। चॉकलेट का सेवन छोटे बच्चों के लिवर पर भी गलत असर डालता है। इसलिए एक साल से छोटे बच्चों को चॉकलेट नहीं देना चाहिए।

## गर्मियों में ज्यादा देर तक भूखे रहेंगे तो हो जाएंगे कई बीमारियों के शिकार

गर्मी में ज्यादा देर तक भूखे रहने के कारण हीट स्ट्रोक का खतरा काफी ज्यादा बढ़ता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन में पब्लिश एक रिपोर्ट के मुताबिक दिन में 8 घंटे के गैप पर खाते हैं तो दिल का दौरा पड़ने का खतरा काफी ज्यादा रहता है। हार्ट अटैक का खतरा दो गुना बढ़ जाता है। गर्मियों में ज्यादा देर तक भूखे रहने के पेट में बैक्टीरिया काफी तेजी से बढ़ जाता है। इससे फूड पॉइजनिंग और पाचन से जुड़ी समस्याओं का खतरा काफी ज्यादा रहता है। गर्मी में बैक्टीरिया और वायरस काफी ज्यादा बढ़ने लगते हैं। यह पाचन तंत्र को काफी ज्यादा प्रभावित करती है।



### थोड़ी-थोड़ी देर में कुछ खाते-पीते रहें

इन दिनों पूरे देश में भीषण गर्मी पड़ रही है। दरअसल, पूरे भारत में हीट वेव से लोगों का हाल बेहाल है। इस गर्मी में ज्यादा देर तक भूखे रहना हेल्थ के लिए काफी ज्यादा नुकसानदायक साबित हो सकता है क्योंकि गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी होने लगती है। इसलिए थोड़े-थोड़े घंटे के गैप पर खाते और पीते रहें। इससे आपकी शरीर में एनर्जी बनी रहेगी। शरीर में पानी कमी के कारण किडनी-लिवर डैमेज होने का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है। इससे किडनी में स्टोन की शिकायत होती है। हीट वेव के कारण यह स्टोन का साइज बढ़ सकता है।

### दिल और फेफड़े की बीमारी

बॉडी का टेंपरेचर बढ़ने पर शरीर में ब्लड पंप करने पर दिल पर काफी ज्यादा जोर पड़ता है। यही कारण है कि दिल पर बुरा असर पड़ता है। हीट वेव के कारण अस्थमा अटैक का खतरा भी काफी ज्यादा बढ़ जाता है। हीट वेव बढ़ने के कारण हवा की क्वालिटी खराब होती है तो इसका सीधा असर फेफड़ों पर पड़ता है। गर्मी का बुरा असर पेट और पाचन पर भी पड़ता है। गर्मी के कारण पेट गर्म होता है। ऐसी स्थिति में डाइट का खास ख्याल रखना चाहिए।



## वजन कम से लेकर कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करने तक साइकिलिंग है बेस्ट

हर साल की तरह इस साल भी 3 जून के दिन 'वर्ल्ड साइकिलिंग डे' मनाया गया। खुद को फिट रखने के लिए साइकिलिंग बेस्ट ऑप्शन होता है। युवाओं से लेकर बड़े तक साइकिलिंग को लेकर काफी ज्यादा क्रेज है। कुछ लोग सुबह-सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकल जाते हैं।

वहीं कुछ लोग अपनी हेल्थ की समस्या को दूर करने के लिए साइकिलिंग करते हैं। साइकिलिंग के कई सारे फायदे मिलते हैं। आज हम साइकिलिंग के फायदे के बारे में विस्तार से बताएंगे।

### वजन होता है कम



साइकिलिंग करने से शरीर का फैट कम होता है साथ ही यह हेल्दी वेट मैनेजमेंट को भी बढ़ावा देता है। साइकिल चलाने से वजन कम करने में काफी ज्यादा सहायता मिलता है।

### मांसपेशियां होती हैं मजबूत

साइकिलिंग करने से कॉड्स, ग्लूट्स, हैमस्ट्रिंग और पिंडलियों भी मजबूत होती है। साइकिल चलाने से शरीर के निचले हिस्सा मजबूत होता है। जोड़ों पर अधिक दबाव डाले बिना पैरों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं।

### कोलेस्ट्रॉल का लेवल होता है कम

साइकिलिंग करने से शरीर का कोलेस्ट्रॉल लेवल कम होता है। जिसके कारण हार्ट सेहतमंद होता है। दिल के दौरे और स्ट्रोक का जोखिम कम होता है।

### स्ट्रेस और चिंता होती है कम

साइकिल चलाने से स्ट्रेस और तनाव कम होता है। अगर आपको स्ट्रेस की परेशानी हो रही है तो आपको साइकिलिंग करनी चाहिए।

### ब्लड सर्कुलेशन होता है बेहतर

साइकिलिंग करने से ब्लड सर्कुलेशन अच्छा होता है। इससे बॉडी में ऑक्सीजन की कमी नहीं होती है।

### कैंसर कम करने में मिलती है मदद

साइकिलिंग करना सेहत के लिए बहुत अच्छा होता है। इससे कैंसर का जोखिम भी कम होता है। साइकिलिंग करने से दुबला और फिट रहने में मदद मिलती है।

### साइकिलिंग कितनी और कब करना चाहिए?

साइकिलिंग करने से कई सारे फायदे मिलते हैं। हर हफ़्ते कम से कम पांच घंटे या 300 मिनट साइकिल चलाना चाहिए। आप इसे आसानी से एक घंटे प्रतिदिन, पांच दिन एक्सरसाइज करके हासिल कर सकते हैं। आप ज़्यादा समय तक साइकिल चलाकर या अपने वर्कआउट की तीव्रता बढ़ाकर कैलोरी बर्न बढ़ा सकते हैं।

# उठते-बैठते प्लास्टिक की बोतल से पानी पीना हो सकता है खतरनाक

घर से लेकर ऑफिस और सफर तक आज बोतलबंद पानी हमारी लाइफ का अहम हिस्सा हो गया है हम बेफिक्र होकर इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। अगर आप भी ऐसा कर रहे हैं तो इसका मतलब अपनी बॉडी में 'जहर' भर रहे हैं। प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज नाम की संस्थान ने एक स्टडी में डराने वाला खुलासा किया है। जिसमें बताया गया है कि एक लीटर बोतलबंद पानी में करीब 2.40 लाख प्लास्टिक के महीन टुकड़े मौजूद होते हैं। जिसकी वजह से सेहत को गंभीर और जानलेवा खतरे हो सकते हैं।



### प्लास्टिक की बोतल में पानी क्यों खतरनाक

एक्सपर्ट्स के अनुसार, प्लास्टिक की बोतल के पानी में बिस्फेनॉल-ए और फेथलेट्स जैसे केमिकल्स घुल जाते हैं। जब बोतल का पानी धूप या गर्मी के संपर्क में आता है तो ये केमिकल्स पानी में घुल जाते हैं और शरीर के अंदर पहुंचकर नुकसान पहुंचाते हैं। इसके अलावा प्लास्टिक कार्बन, हाइड्रोजन, ऑक्सीजन और क्लोराइड से बनता है, जिसे बीपीए प्लास्टिक की पानी की बोतल बनाने में इस्तेमाल किया जाता है।

### क्या हुआ है रिसर्च में खुलासा

हालिया रिसर्च में शोधकर्ताओं को प्लास्टिक की बोतल में मौजूद एक लीटर पी में ही 100,000 से ज्यादा नैनोप्लास्टिक मिले हैं। ये इतने छोटे कण होते हैं, जो ब्लड सर्कुलेशन, कोशिकाओं और दिमाग तक में पहुंच सकते हैं और कई खतरे बढ़ा सकते हैं। ऐसे में सावधान रहने की जरूरत है।



### प्लास्टिक बोतल में पानी पीने के अन्य खतरे

**1. डायबिटीज और दिल को खतरा**

हार्वर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ की रिसर्च के अनुसार, पॉली कार्बोनेट की बोतलों के पानी में बिस्फेनॉल ए केमिकल होता है, जो जब शरीर में जाता है तो दिल की बीमारियों और डायबिटीज का खतरा कई गुना तक बढ़ा सकता है।

**2. प्रजनन क्षमता प्रभावित**

प्लास्टिक की बोतल में पानी पीने से उसमें मौजूद बीपीए और फैथलेट्स केमिकल प्रजनन क्षमता तक को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है। इस पानी को पीने से हार्मोनल संतुलन भी बिगड़ सकता है। इसकी वजह से बांझपन जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

**3. कैंसर का खतरा**

एक्सपर्ट्स के अनुसार, प्लास्टिक की बोतल में पानी पीने से कई तरह के कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। इससे ब्रेस्ट और ब्रेन कैंसर हो सकता है। प्लास्टिक की पॉलिथीन में रखी गर्म चीज खाने या पीने से कैंसर का जोखिम बहुत ज्यादा बढ़ सकता है। इस पानी को पीने से ल्यूकेमिया और लिंफोमा जैसी बीमारियों का भी खतरा रहता है।







# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### लो मिल गया 'कुंग फू पांडा 5' की रिलीज का सबसे बड़ा हिंट!



**लॉस एंजिलिस।** 'कुंग फू पांडा 4' ने इस साल की शुरुआत में सिनेमाघरों में दस्तक दी। फिल्म ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया। 'कुंग फू पांडा 4' अपनी लागत से 6 गुना ज्यादा कमाई कर हर तरफ छा गई थी।. फ्रेंचाइजी के चौथे पार्ट के बाद अब दर्शकों को 'कुंग फू पांडा 5' का इंतजार है। इस फिल्म के अगले पार्ट को लेकर 'कुंग फू पांडा 4' के डायरेक्टर माइक मिशेल ने बड़ी जनाकारी शेयर की है। कुंग फू पांडा एक ऐसी फ्रेंचाइज़ी है, जिसे बच्चों से लेकर बड़े, हर कोई पसंद करता है। पिछले 16 सालों में इस फ्रेंचाइजी ने लोगों के बीच अपनी खास जगह बना ली है। पूरी दुनिया में 'कुंग फू पांडा 4' ने 4025 करोड़ का छप्परफाड़ कलेक्शन किया था। वहीं, फिल्म का बजट करीब 700 करोड़ था। ज्यादा कमाई इस फ्रेंचाइजी ने ग्लोबल बॉक्स-ऑफिस पर की है. अब फ्रेंचाइजी के अगले पार्ट पर डायरेक्टर माइक मिशेल ने बताया है कि जल्द ही हरी झंडी मिल सकती है। डायरेक्टर लगातार 'कुंग फू पांडा 5' को लेकर बात कर रहे हैं। डायरेक्टर माइक मिशेल ने सिनेमाघरों में एक से बड़ी एक एनिमेटेड ब्लॉकबस्टर परोसी हैं। ऐसे में 'कुंग फू पांडा 5' को बनाने में वक्त तो लगेगा। क्योंकि एनिमेटेड फिल्में बनाना कोई आसान काम नहीं है।

## बॉलीवुड

### अक्षय कुमार की इस फिल्म ने बनाया था गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड




**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार के चाहने वालों की भी कमी नहीं है। उनके फैन्स अक्सर अपना प्यार दिखाने के लिए कुछ ऐसा करते हैं कि अक्षय कुमार की तरह वो भी सब जगह छा जाते हैं। बॉस फिल्म के लिए भी फैन्स ने कुछ इसी तरह अपना प्यार जाहिर किया था. फैन्स ने इस फिल्म के लिए अक्षय कुमार का एक खास पोस्टर बनवाया था। अब आप जरूर सवाल कर सकते हैं कि इसमें नया क्या है। हर फिल्म के लिए स्टार्स का पोस्टर बनता है। लेकिन ये पोस्टर दुनिया के सबसे बड़े पोस्टर्स में से एक था। जिसे बनवाया था अक्षय कुमार के फैन क्लब ने। इस फैन क्लब का नाम है टीम अक्षय। ये पोस्टर 58.87 मीटर चौड़ा और 54.97 मीटर ऊंचा था। जिसका नाम गिनीज बुक में भी दर्ज हो गया। इस फिल्म में अक्षय कुमार के वन लाइनर्स पब्लिक ने खूब पसंद किए। अदिति राव के कुछ सिजलिंग सीन्स और जॉनी लीवर की कॉमेडी ने भी फिल्म में जान डाल दी। जिसकी बदौलत फिल्म 54 करोड़ के आसपास की कमाई करने में कामयाब रही। फिल्म का वर्ल्ड वाइड कलेक्शन 80 करोड़ रु. से ज्यादा का रहा था। हालांकि अक्षय कुमार की दूसरी हिट मूवीज के मुकाबले ये कलेक्शन काफी कम ही कहा जा सकता है। रिलीज के करीब दस दिन बाद से ही फिल्म को ज्यादा दर्शक मिलना भी कम हो गए थे। यूं तो अक्षय कुमार दो मामलों में बॉक्स ऑफिस के सरताज रहे हैं। अव्वल तो वो धड़ाधड़ फिल्में पूरी करते हैं। वो एक साल में सबसे ज्यादा फिल्म देने वाले सुपरस्टार बन चुके हैं। और, दूसरा ये कि उनकी हर मूवी अपनी लागत से ज्यादा कमाई कर जाती है। जिसकी वजह से मेकर्स और वो खुद भी मालामाल हो जाते हैं। हालांकि कुछ फिल्में ऐसी भी हैं जो कमाई तो ठीक ठाक कर लेती हैं लेकिन लंबी रेस का घोड़ा कभी साबित नहीं होती. ऐसी ही फिल्मों में शामिल है उनकी मूवी बॉस।

## भोजपुरी

### निरहुआ और आम्रपाली दुबे का सॉन्ग यूट्यूब पर 11 करोड़ के पार



**मुंबई।** भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री और फैंस के बीच इन दिनों मरून कलर सड़िया गाने का खुमार छाया है। जी हां, बात हो रही है दिनेश लाल यादवन निरहुआ और आम्रपाली दुबे के सुपरहिट गाने मरून कलर सड़िया की। फसल फिल्म के इस गाने ने यूट्यूब पर व्यूज का रिकॉर्ड तोड़ डाला है। महज दो महीने में इस गाने ने 116 मिलियन व्यूज (11.60 करोड़) हासिल किए हैं। दिलचस्प यह है कि इस गाने को देखने का सिलसिला थम नहीं रहा है। मजेदार यह है कि जहां अपने लिरिक्स की वजह से यह गाना खूब दिल दिल जीता रहा है, वहीं निरहुआ और आम्रपाली दुबे की केमेस्ट्री भी खूब पसंद की जा रही है। यही नहीं, इस गाने पर जमकर रील्स भी बन रही हैं। मरून कलर सड़िया गाना भोजपुरी इंडस्ट्री में जुबली स्टार कहे जाने वाले दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ और भोजपुरी क्वीन आम्रपाली दुबे पर फिल्माया गया है। ये गाना फिल्म फसल का है और इसमें दोनों ही एक्टरों ने कमाल की एक्टिंग की है। खासकर इस गाने में निरहुआ और आम्रपाली की जबरदस्त केमेस्ट्री को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। फिल्म की बात करें तो इसके डायरेक्टर पराग पाटिल हैं और इस गाने के कल्पना और नीलकमल सिंह ने अपनी आवाज दी है।

## लाइफ स्टाइल

### ब्लैक ड्रेस में श्वेता ने दिखाई कातिलाना अदाएं

**मुंबई।** श्वेता तिवारी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में श्वेता हमेशा ही तरह ही बला की खूबसूरत नजर आ रही हैं। फोटोज में आप देख सकते हैं कि श्वेता ने ब्लैक एंड व्हाइट कलर की शॉर्ट वनपीस ड्रेस पहनी हुई है। इस हॉट ड्रेस में श्वेता कैमरे के सामने स्माइल देते हुए पोज दे रही हैं। इसके साथ ही उनके खुले बाल उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहा। उनकी खूबसूरती देख फैंस एक बार फिर से उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे। श्वेता तिवारी की ये तस्वीरें इस वक्त इंटरनेट पर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। इन तस्वीरों पर कमेंट कर यूजर्स उनकी प्रतिक्रिया देते नजर आ रहे हैं। हर कोई कमेंट में श्वेता की खूबसूरती की तारीफ करते नहीं थक रहा है।



# लाल-पीली नहीं, रॉयल लुक चाहिए तो पहनें गोल्डन साड़ियां

फैशन



गोल्डन साड़ियां इन दिनों फैशन में हैं। बॉलीवुड की कई हसीनाएं भी गोल्डन साड़ी पहने दिख जाती हैं। यह साड़ी आपके ग्रेस को बढ़ाने के साथ साथ ग्लैम लुक भी देती हैं। ये रंग ना तो ब्राइट या गहरा होता है और ना ही फीका इसलिए आप इस नेचुरल कलर वाली साड़ी को ग्रेसफुल लुक के लिए हमेशा ट्राई कर सकती हैं। ये साड़ियों न केवल काफी खूबसूरत हैं बल्कि बजट फ्रेंडली भी हैं।

**टीशू साड़ी :** रेड और ब्राउनिश गोल्डन कलर की ये साड़ी आप शादी से लेकर त्योहारों में पहन सकती हैं। गोल्डन कलर की ये टीशू साड़ी पहनने में काफी कंफर्टेबल होती हैं। त्योहारों में तो काफी जंचती हैं। जरी वर्क वाली इस साड़ी के साथ आपको हेवी ज्वेलरी पहनने की भी जरूरत नहीं होगी। आप अगर बालों में गजरा लगा लें तो इससे ही आप काफी रॉयल दिखेंगी।

**सिल्क ब्लेंड साड़ी :** कॉन्ट्रास्ट कलर के साथ इस तरह की लाइट गोल्डन साड़ी गर्मी में काफी कूल दिखती है। ये सिल्क ब्लेंड साड़ी है जिसे आप रेगुलर ओकेजन में भी पहन सकती हैं। क्रॉन्ट्रास्ट कलर के ब्लाउज के साथ ये साड़ियां काफी कंफर्टेबल होती हैं। इन साड़ियों के साथ भी अधिक ज्वेलरी की जरूरत नहीं होती।

**साटन की साड़ी :** अगर आप ग्लैम और एलिगेंट, दोनों लुक एक साथ चाहती हैं तो आपको इस तरह की डिजाइनर साड़ी खरीदनी चाहिए। ये साटन की साड़ी कॉन्ट्रास्ट कलर के ब्लाउज के साथ काफी अच्छी लगती हैं। बॉलीवुड डिजाइन की ये साड़ी यंग लोगों में काफी पॉपुलर है।

**एंब्रॉयडरी नेट साड़ी :** वेडिंग, फेस्टिवल, पार्टी में अगर आप नेट की हेवी वर्क वाली साड़ी पहनना चाहती हैं तो इस तरह की गोल्डन एंब्रॉयडरी नेट की साड़ी ट्राई करें। गोल्डन कलर की इस साड़ी पर सिक्वेंसिंग वर्क किया गया है। ऐसी साड़ियां आप ऑफलाइन या ऑनलाइन खरीद सकती हैं।

**कांजीवरम सिल्क साड़ी :** टाइमलेस ब्यूटी और एलिगेंट लुक के लिए फेमस कांजीवरम की ये गोल्डन साड़ियां वाकई रॉयल टच देती हैं। इन साड़ियों का क्रेज साड़ी की शौकीनों में देखने को मिलता है। आप भी इस तरह की गोल्डन साड़ी कांजीवरम सिल्क में खरीद सकती हैं।

# गर्मियों में स्किन के लिए वरदान है एलोवेरा त्वचा को रखता है ठंडा, टैनिंग को करे दूर

एलोवेरा (घृत कुमारी) एक ऐसा पौधा है जो त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद है। बढ़ती गर्मी में शरीर को ठंडा रखने में एलोवेरा मदद करता है। त्वचा और बालों के लिए एलोवेरा किसी वरदान से कम नहीं है। एलोवेरा में ऐसे कई औषधीय गुण पाए जाते हैं जो त्वचा की धूप के असर से बचाते हैं। सनबर्न होने पर आप एलोवेरा जेल लगा सकते हैं। इससे टैनिंग भी काफी हद तक दूर हो जाती है। एलोवेरा त्वचा में ठंडक पहुंचाता है। आप एलोवेरा का जूस भी पी सकते हैं। इससे पेट भी ठंडा रहता है।

### त्वचा को ठंडक, पसीने की बदबू करता है कम

गर्मी में खासतौर से त्वचा पर एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे त्वचा को ठंडक मिलती है। तेज धूप से स्किन झुलस जाए को एलोवेरा जेल जलन दूर करने और स्किन की टैनिंग हटाने में मदद करता है। इसके लिए प्रभावित जगह पर अच्छी तरह से एलोवेरा जेल का लेप कर लें। एलोवेरा जेल में एंटी-बैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण पाए जाते हैं, जो पसीने की बदबू को कम करते हैं।



### कैसे करें एलोवेरा का इस्तेमाल

चेहरे पर आप ताजा एलोवेरा जेल निकालकर लगा सकते हैं। इसके लिए पत्ते को साफ धो लें और फिर उसमें से जेल निकालकर थोड़ी देर ठंडा होने के लिए रख दें। इस जेल को लेप की तरह पूरे फेस पर लगा लें। आप चाहें तो मार्केट में मिलने वाले एलोवेरा जूस का इस्तेमाल पीने के लिए कर सकते हैं। इसके अलावा एलोवेरा की सब्जी, चाय या फिर ऐसे ही खाने में इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

### पेट को ठंडा रखता है एलोवेरा जूस

सेहत के लिए एलोवेरा जूस भी अच्छा माना जाता है। एलोवेरा जूस पीने से पेट की काफी दिक्कतें दूर हो जाती हैं। सुबह खाली पेट एलोवेरा जूस पीने से पाचन क्रिया बेहतर होती है कब्ज की समस्या में आराम मिलता है। एलोवेरा जूस पीने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। शरीर बीमारियों से लड़ने में सक्षम होता है। वजन घटाने के लिए भी एलोवेरा जूस अच्छा माना जाता है। इससे मेटोबॉलिज्म तेज होता है।

# इस साल शादियों में रहेगी हीरामंडी के लहंगों की धूम, बाजार में बढ़ी डिमांड

अगले माह जुलाई में शादियों का सीजन शुरू होने जा रहा है। ऐसे में इस बार शादी के सीजन में दुल्हन ज्यादातर संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी द डायमंड वाले लहंगे पहने हुए नजर आएंगी। हीरामंडी के लहंगों की मांग इस कदर बढ़ गई है कि जुलाई से लेकर नवंबर तक की शादियों के सीजन के लिए दुल्हनों ने इस लहंगे को बुक करा लिया है। इतनाही नहीं मुंह मांगी रकम भी इन लहंगों के लिए देने के लिए वो तैयार हैं। खास बात यह है कि हीरामंडी के लहंगे ना सिर्फ दुल्हन बनने जा रही लड़कियां खरीद रही हैं बल्कि किराए पर भी इन लहंगों को बुक करना पसंद कर रही हैं।

**क्या खासियत है इन लहंगों की :** बता दें कि हीरामंडी फिल्म में अभिनेत्रियों ने जो लहंगे पहने हैं, उसे पाकिस्तानी लहंगे कहते हैं। इन लहंगों की खासियत यह होती है कि इसमें नीचे तो बड़े घेरवाला लहंगा होता है, जो कि डिजाइनिंग के साथ बेहद खूबसूरत होता है। ऊपर किसी-किसी में ब्लाउज तो किसी में फुल आस्तीन की कुर्ती होती है।

**इतनी है इन लहंगों की कीमत :** बता दें कि इन लहंगों की कीमत सिर्फ 1500 रुपए से शुरू है और 14000 रुपए तक गई है। कई लोग फोटो शूट के लिए भी इन्हीं लहंगों को खरीद रहे हैं। बता दें कि अनेक ड्रेस वालों द्वारा किराए पर भी लहंगे दिए जाते हैं और साथ में ही अगर कोई खरीदना चाहे तो वो इसे खरीद भी सकता है। ये लहंगे जरी और जरदोजी दोनों तरह के होते हैं।



# गर्मी में दिखेगा एकदम फ्लॉलेस मेकअप पार्टी में जाने से पहले अपनाएं ये टिप्स

मौसम के हिसाब से मेकअप में भी बदलाव करने की जरूरत होती है। गर्मी में मेकअप और हेयर स्टाइल की वजह से लोग काफी परेशान रहते हैं। खासतौर से पसीना और चिपचिपी गर्मी में मेकअप करना अपने आप में किसी चुनौती से कम नहीं है। इस समय किसी पार्टी फंक्शन में जाना और भी मुश्किल हो जाता है। पसीने में पूरा मेकअप बहने लगता है और चेहरे को सुंदर की बजाय भद्दा बना देता है। गर्मी में लॉंग टाइम मेकअप स्टे करवाना मुश्किल हो जाता है, लेकिन कुछ मेकअप टिप्स हैं जिससे आपका मेकअप काफी देर तक टिका रहेगा और फैलेगा नहीं। गर्मियों में मेकअप के लिए अपनाएं ये टिप्स।



**ऑयल फ्री क्लीनजिंग :** मेकअप में सबसे पहले आपको फेस को क्लीन करने की जरूरत होती है। गर्मी में बहुत ज्यादा पसीना आता है इसलिए आपको ऑयल फ्री फेसवॉश का इस्तेमाल करना चाहिए। आप चाहें तो घर पर मुल्तानी मिट्टी, बेसन, नीम, मसूर दाल जैसी घरेलू चीजों का उपयोग कर सकते हैं। इससे चेहरे का ऑयल कम हो जाएगा।

**फेस वॉश के बाद चेहरे पर बर्फ लगाएं :** फेस वॉश करने के बाद मेकअप से पहले चेहरे पर अच्छी तरह आइस मसाज कर लें। आप चाहें तो किसी बाउल में आइस क्यूब्स भर लें और उसमें थोड़ी-थोड़ी देर के लिए अपने चेहरे को डुबाकर रखें। बर्फ लगाने से पसीना कम आता है और त्वचा को ठंडक मिलती है। इससे मेकअप लंबे समय तक टिका रहता है।

**स्किन डिटॉक्स करने टोनर का करें उपयोग :** मेकअप करने से पहले स्किन पर टोनर का उपयोग जरूर करें। टोनर स्किन को डिटॉक्स करता है। इससे फेस पर कील मुहांसों की समस्या कम होती है। टोनर लगाने से पोर्स में कसावट आती है और त्वचा ऑयल फ्री बनती है।

कार्नर न्यूज

## लोगों में छाया हुआ है होम गार्डनिंग का शौक

# गमले में उगाएं खेतों जैसे लाल-लाल टमाटर जानें आसान टिप्स एंड ट्रिक्स

इन दिनों लोगों के बीच होम गार्डनिंग का शौक छाया हुआ है। हर कोई अपने गार्डन या फिर बालकनी को पेड़-पौधों से गुलजार रखता है। कई लोग स्वयं के उपयोग के लिए अपने घर के गार्डन में अब धनिया, लहसुन और मिर्च उगाने लगे हैं। अगर आपको भी ऑर्गेनिक सब्जियां और फल पसंद हैं तो आप अपने बालकनी के गमलों में कई तरह की सब्जियां और फल उगा सकते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि आप घर के गमले में खेतों जैसे टमाटर कैसे उगाएं।



### बीज या पौधे का करें इस्तेमाल

उगाने के लिए उसके बीज और नर्सरी से तैयार पौधे दोनों का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आप बीज से यह फल उगा रहे हैं तो उन्हें गीले कपड़े में बांधकर 24 घंटे के लिए भिगो दें। गमले में बीज को रोपित करें। ध्यान रखें कि बीज 1/2 इंच गहराई में बोना है।

### कुछ दिनों में आते हैं फल, संयम रखें

टमाटर के फल आने में कुछ महीने लग सकते हैं इसलिए आप अपना संयम बनाए रखें और ऊपर दिए गए सभी टिप्स का पालन करें। कुछ ही महीनों में आपके गमले में छोटे-छोटे हरे टमाटर दिखाई देंगे जो आप अपने परिवार के उपयोग में ला सकते हैं।

### सही गमले व सही अनुपात की मिट्टी

टमाटर उगाने के लिए आप सबसे पहले सही गमले का चुनाव करें। दरअसल, टमाटर के पौधे को बढ़ने के लिए ज़्यादा जगह लगती है इसलिए आप कम से कम 10 से 12 इंच गहरा और 12 से 14 इंच चौड़ा गमले का चुनाव करें। टमाटर के पौधों को बढ़ने के लिए ड्रेंड सॉइल की ज़रूरत होती है। आप मार्केट से तैयार मिट्टी का मिश्रण खरीद सकते हैं या फिर आप घर पर भी मिश्रण बना सकते हैं। इसके लिए आप समान मात्रा में खाद मिट्टी, और रेत को मिलाएं।



### धूप मिले बराबर, कीटनाशक का करें स्प्रे

धूप के बिना टमाटर के पौधों नहीं उग सकते हैं उन्हें कम से कम 6 से 8 घंटे की धूप मिलनी चाहिए। साथ ही जैसे-जैसे टमाटर के पौधे बढ़ते हैं, उन्हें सहारे की ज़रूरत पड़ती है इसलिए आप उन्हें लकड़ी के डंडे से सहारा दे सकते हैं। टमाटर के पौधों में कीटाणु न लगे इसलिए आप प्याज और लहसुन के छिलके को पानी में डालकर उसका कीटनाशक स्प्रे बना सकते हैं। अगर आपको पौधे पर कोई कीटाणु दिखाई दे तो तुरंत स्प्रे छिड़के।